प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 15 अंक : 02 | शनिवार 20 दिसम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## प्रधानमंत्री मोदी ने गोवा मुक्ति दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को किया याद



**(एजेंसी)** नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा मुक्ति दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद किया और इस दिवस को उन्होंने भारत की राष्ट्रीय यात्रा का एक निर्णायक अध्याय बताया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''गोवा मुक्ति दिवस हमें हमारी राष्ट्रीय यात्रा के एक निर्णायक अध्याय की याद दिलाता है। हम उन लोगों के अदम्य साहस को याद करते हैं जिन्होंने अन्याय के आगे झुकने से इनकार कर दिया और साहस व दृढ़ विश्वास के साथ स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया।''उन्होंने कहा, ''गोवा के सर्वांगीण विकास की दिशा में काम करते हुए उनके बलिदान हमें लगातार प्रेरित करते रहते हैं।'' यह दिवस हर साल 19 दिसंबर को मनाया जाता है, जो 1961 में पुर्तगाली शासन से गोवा को मुक्त कराने के लिए सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन विजय' की सफलता का स्मरणोत्सव है।

## कैश फॉर क्वेरी मामले में महुआ मोइत्रा को मिली बड़ी राहत, दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकपाल के आदेश को किया रद्द

**(एजेंसी)** नयी दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कैश फॉर क्वेरी मामले में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को राहत दे दी है। हाईकोर्ट ने इस मामले में लोकपाल के आदेश को रद्द कर दिया है। टीएमसी सांसद ने लोकपाल के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा का कहना है कि लोकपाल ने उनकी ओर से रखे गए तर्कों पर विचार किए बिना आदेश पारित किया है। मोइत्रा ने यह भी आरोप लगाया था कि सीबीआई को चार्जशीट दाखिल करने की मंजूरी देने का आदेश गलत है और लोकपाल अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत है। साथ ही यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है।सीबीआई ने मोइत्रा पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। जांच एजेंसी ने 28 जुलाई को अपनी जांच रिपोर्ट लोकपाल को सौंप दी थी। लोकपाल की सिफारिश पर सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत पिछले साल 21 मार्च को महुआ और हीरानंदानी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पिछली लोकसभा में मोइत्रा को दिसंबर 2023 में श्अनैतिक आचरणश के लिए



सदन से निष्कासित कर दिया गया था। उनका कहना था कि यह साजिश के तहत किया गया और बिना सफाई का मौका दिए उन्हें सदन से निष्कासित किया गया और इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने जांच में पाए गए तथ्यों को लोकपाल के सामने रखा है, जो अब मामले में अगला कदम सुनिश्चित करेगा। इस मामले ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा तब चर्चा में आ गई थीं, जब बीजू जनता दल (बीजेडी) के पूर्व सांसद तथा सीनियर वकील पिनाकी मिश्रा के साथ शादी को लेकर उन्होंने 5 जून को एक पोस्ट सोशल मीडिया पर किया था। पिनाकी मिश्रा के साथ केक काटते हुए एक तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर महुआ ने कैप्शन में लिखा था, ष्आप सभी के प्यार और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। अत्यंत आभारी हूं।2024 के आम चुनावों में महुआ मोइत्रा ने भाजपा की अमृता रॉय को हराकर अपनी कृष्णानगर सीट पर जीत को बरकरार रखा।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र-यूपी सरकार को भेजा नोटिस, नोएडा पुलिस पर एक वकील को अवैध हिरासत और यौन उत्पीड़न का आरोप

**(एजेंसी)** नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील की याचिका पर संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), गौतमबुद्ध नगर के पुलिस कमिश्नर, संबंधित एसीपी और एसएचओ को नोटिस जारी किया है। दरअसल, यह पूरा मामला नोएडा सेक्टर–126 पुलिस स्टेशन में कथित अवैध हिरासत और यौन उत्पीड़न का है।याचिकाकर्ता वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 13 दिसंबर की रात उन्हें पुलिस द्वारा करीब 14 घंटे तक अवैध रूप से हिरासत में रखा गया, जबकि उन्होंने केवल अपने मुवक्किल के पक्ष में कानूनी दायित्व निभाया था। वकील का आरोप है कि उन्हें पुलिस हिरासत में मानसिक और यौन उत्पीड़न का शिकार बनाया गया। वकील ने इसे मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन बताया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एनवी अंजारिया की दो सदस्यीय पीठ ने वकील की ओर से पेश की गई दलीलों को सुना और



प्राथमिक तौर पर मामले को गंभीर माना। इसके बाद कोर्ट ने सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यह मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता, विधिक पेशे के अधिकार और पुलिस पावर के दुरुपयोग जैसे महत्वपूर्ण प्रश्नों से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकरण की जांच और जवाब आवश्यक है। इस मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी को निर्धारित की गई है। वकील ने बताया कि रात के समय में उन्हें पुलिस स्टेशन में लगभग 14 घंटे तक हिरासत में रखा गया। अपनी हिरासत को अवैध बताते हुए वकील ने कहा कि यह सब केवल अपने मुवक्किल के प्रति एक वकील के रूप में ड्यूटी को निभाने के लिए किया गया। वकील ने अपनी याचिका में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस हिरासत के दौरान उनके साथ यौन उत्पीड़न किया गया, उन्हें प्रताड़ित किया गया।

# धूल चेहरे पर था आईना साफ करता रहा...

## Codeine cough syrup case में CM योगी का अखिलेश पर तंज

**मुख्यमंत्री योगी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा, "यही कसूर मैं बार–बार करता रहा, धूल चेहरे पर था आईना साफ करता रहा।" प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर जहरीली कफ सिरप बेचे जाने की शिकायतों के बाद कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सिरप की तस्करी की भी सूचना मिली थी, जिसे बड़े पैमाने पर रोका गया है।**

**(एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि एसटीएफ और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों के समाजवादी पार्टी से संबंध हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे–जैसे जांच आगे बढ़ेगी, समाजवादी पार्टी की संलिप्तता और उजागर होगी। उन्होंने आगे कहा कि राज्य स्तरीय विशेष जांच दल (एसआईटी) इस मामले की जांच कर रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) के अधिकारी इस एसआईटी का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि जांच से पता चलेगा कि इस पूरे घोटाले में किसने



पैसा लिया और इससे जुड़े सभी पहलू सामने आएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा, "यही कसूर मैं बार–बार करता रहा, धूल चेहरे पर था आईना साफ करता रहा।" प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर जहरीली कफ सिरप बेचे जाने की शिकायतों के बाद कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सिरप की तस्करी की भी सूचना मिली थी, जिसे बड़े पैमाने पर रोका गया है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले विधान भवन में प्रवेश के दौरान पत्रकारों से बातचीत में एक सवाल के जवाब में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी जांच जारी है और अभी तक जितने लोग पकड़े गए हैं, उनके तार समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं। जांच होने दीजिए, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पहले से ही कुख्यात रही है और इस पूरे मामले में उसकी संलिप्तता सामने आएगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''इस मामले की जांच के लिए एक राज्य स्तरीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) काम कर रही है, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस और एफएसडीए (खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन) से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। किन–किन लोगों तक इस अवैध कारोबार का पैसा पहुंचा है, यह सब जांच में सामने आएगा।'' सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयानों पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''उनके बारे में बस यही कहूंगा–'यही कसूर मैं बार–बार करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।'' योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''माफियाओं के साथ इनकी (अखिलेश यादव) भी तस्वीरें हैं। जांच होने दीजिए, दूध का दूध और पानी का पानी सामने होगा।''

## देश में दुर्लभ खनिजों के भंडार को विकसित करने की जरूरत- जिंदल

**(एजेंसी)** मुंबई। जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने खनिजों के घरेलू अन्वेषण पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का शुक्रवार को आह्वान किया। अमेरिका के 'पैक्स सिलिका पहल से भारत को बाहर रखने के कुछ दिन बाद जिंदल ने यह टिप्पणी की है। अमेरिका की इस रणनीतिक का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों व ऊर्जा से लेकर उन्नत विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, कृत्रिम मेधा (एआई) अवसंरचना और साजोसामान तक एक सुरक्षित, समृद्ध एवं नवाचार–आधारित सिलिकॉन आपूर्ति शृंखला तैयार करना है। इस्पात व इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र से जुड़े 23 अरब अमेरिकी डॉलर के समूह का नेतृत्व करने वाले जिंदल ने कहा कि भारत में दुर्लभ खनिजों का पर्याप्त भंडार है। उन्होंने कहा, ''हमारे देश में दुर्लभ खनिजों की प्रचुरता है। हमने इस पर गंभीरता से काम नहीं किया है। इसलिए, हमने अपने देश में दुर्लभ खनिजों के भंडार का पूरी तरह से दोहन नहीं किया है। जिंदल ने कहा, ''हालांकि अब चीन से मिले झटके के बाद, मुझे लगता है कि देश हमारे दुर्लभ खनिजों के विकास



को सुनिश्चित करने के लिए पूरी ईमानदारी से काम कर रहा है। 'पैक्स सिलिका पहल से देश को बाहर रखे जाने पर पर उन्होंने सुझाव दिया कि अपनी ताकत को विकसित करना ही आगे बढ़ने का रास्ता है। जिंदल ने यहां 'विश्व हिंदू आर्थिक मंच के दौरान संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा, '' भारत को अपना विकास स्वयं करना होगा। आत्मनिर्भर भारत एक बहुत महत्वपूर्ण पहलू है और हमें इस पर काम करना होगा।

गौरतलब है कि अमेरिका कृत्रिम मेधा और सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने तथा चीन के प्रभुत्व को कम करने पर केंद्रित पहल का नेतृत्व कर रहा है। चीन 90 प्रतिशत से अधिक महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति करता है और निर्यात प्रतिबंध से रक्षा, मोटर वाहन और प्रौद्योगिकी जैसे उद्योगों पर वैश्विक स्तर पर प्रभाव पड़ना तय है। जिंदल ने कहा कि उनके समूह का मोटर उद्यम न केवल चीन से, बल्कि ब्रिटेन और जर्मनी जैसे दुनिया के अन्य हिस्सों से भी सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकियां हासिल करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने साथ ही बताया कि अगले साल दिसंबर तक अपना पहला वाहन पेश करने की योजना सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

## एक्स लाया है नए फीचर, अब आप देख पाएंगे महीने के सबसे ज्यादा पसंद किए गए पोस्ट

### – टॉप–10 लिस्ट में शामिल पीएम मोदी

**(एजेंसी)** नयी दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हाल ही में एक नया फीचर आया है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, नए फीचर के तहत अब आप पिछले महीने के सबसे ज्यादा पसंद किए



गए पोस्ट देख पाएंगे। इसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पोस्ट टॉप–10 में 8वें स्थान पर जगह बनाने में कामयाब रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आए दिन नए–नए अपडेट आते रहते हैं। एप्लिकेशन में आने वाले नए फीचर को लेकर लोगों में उत्साह भी होता है। लोग देखना पसंद करते हैं कि उन्हें एप्लिकेशन में अब कौन सा नया फीचर मिलने वाला है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) में आया यह नया फीचर किसी देश में पिछले महीने के सबसे ज्यादा लाइक किए गए ट्वीट्स दिखाता है। भारत में पिछले 30 दिनों में 10 सबसे ज्यादा लाइक किए गए पोस्ट में पीएम मोदी के पोस्ट भी शामिल हैं। टॉप–10 में कोई और नेता नहीं है। पीएम मोदी एक ऐसे नेता हैं जिनकी बढ़ते समय के साथ विश्वभर में लोकप्रियता बढ़ी है। दुनियाभर में उन्हें काफी पसंद किया जाता है। वहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी भारत के प्रधानमंत्री के काफी चर्चे हैं। पीएम मोदी को एक्स पर 105.9 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं। पीएम मोदी के जिस पोस्ट को सबसे ज्यादा पसंद किया गया है, उसमें उनकी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से संबंधित पोस्ट हैं।रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर की शुरुआत में दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे थे। इस दौरान पीएम मोदी और पुतिन के बीच दोस्ती के खास पल देखने को मिले। पीएम मोदी ने अपने खास दोस्त पुतिन के साथ हुई इस मुलाकात की कई खास तस्वीरें साझा कीं। इसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया गया है। खासतौर से पीएम मोदी और पुतिन की कार में साथ बैठने की तस्वीर जब सामने आई तो उसकी खूब चर्चा हुई। पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति को तोहफे में गीता भेंट की, जिसे सबसे ज्यादा पसंद किया गया। इसके अलावा, जब वह पुतिन को लेने के लिए प्रोटोकॉल को तोड़ते हुए खुद एयरपोर्ट पहुंचे, उस पोस्ट को भी खूब पसंद किया गया।

## जी राम जी विधेयक को लेकर राहुल गांधी बोले

### बिल वापस कराने के लिए बनाया जाएगा राष्ट्रव्यापी

**(एजेंसी)** नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर 'विकसित भारत–जी राम जी विधेयक' संसद द्वारा पारित किए जाने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह प्रस्तावित कानून प्रदेश एवं गांवों के खिलाफ है तथा इसे वापस लेने के लिए सरकार को विवश करने के मकसद से एक राष्ट्रव्यापी मोर्चा बनाया जाएगा। संसद ने बृहस्पतिवार को 'विकसित भारत–जी राम जी विधेयक, 2025' को मंजूरी दी। पहले दिन में यह विधेयक लोकसभा और देर रात राज्यसभा से पारित किया गया। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "कल रात मोदी सरकार ने एक ही दिन में मनरेगा के बीस वर्षों को ध्वस्त कर दिया। जी राम जी विधेयक, मनरेगा का कोई "पुनर्गठन" नहीं है। यह अधिकार–आधारित,



मांग–आधारित गारंटी को खत्म कर इसे एक सीमित योजना में बदल देता है, जिसे दिल्ली से नियंत्रित किया जाएगा।"उन्होंने आरोप लगाया कि इस विधेयक की संरचना ही राज्यविरोधी और गांवविरोधी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, "मनरेगा ने ग्रामीण मजदूर को मोलभाव की ताकत दी। वास्तविक विकल्प मिलने से शोषण और मजबूरी में पलायन घटा, मजदूरी बढ़ी, काम की परिस्थितियां बेहतर हुईं और साथ ही ग्रामीण ढांचे का निर्माण व पुनर्जीवन हुआ। यही वह ताकत है जिसे यह सरकार तोड़ना चाहती है।"उनके मुताबिक, काम की सीमा तय करके और काम से वंचित करने के और रास्ते बनाकर, जी राम जी विधेयक उस एकमात्र माध्यम को कमजोर करता है जो ग्रामीण गरीबों के पास था। राहुल गांधी ने कहा, "हमने कोविड–19 महामारी के दौरान देखा कि मनरेगा का क्या मतलब था। जब अर्थव्यवस्था बंद हो गई और आजीविकाएं खत्म हो गईं, तब इसने करोड़ों लोगों को भूख और कर्ज में डूबने से बचाया। इससे सबसे ज्यादा लाभ महिलाओं को हुआ, जिन्होंने साल दर साल कुल व्यक्ति–दिवसों का आधे से अधिक योगदान दिया है।"उन्होंने कहा कि जब किसी रोजगार कार्यक्रम को सीमित किया जाता है, तो सबसे पहले महिलाएं, दलित, आदिवासी, भूमिहीन मजदूर और सबसे गरीब अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय के लोग बाहर धकेले जाते हैं। राहुल गांधी ने कहा, "ऊपर से, इस कानून को संसद में बिना उचित जांच–पड़ताल के जबरन पारित कराया गया। विधेयक को स्थायी समिति के पास भेजने की विपक्ष की मांग खारिज कर दी गई। ग्रामीण सामाजिक करार को बदल देने वाला, करोड़ों मजदूरों को प्रभावित करने वाला कानून कभी भी गंभीर समिति समीक्षा, विशेषज्ञ परामर्श और सार्वजनिक सुनवाई के बिना नहीं थोपा जाना चाहिए।

# सम्पादकीय

## हिजाब विवाद- गिरिराज के विवादस्पद बयान से और भड़का

हिजाब विवाद में घिरे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि नीतीश की सुरक्षा को लेकर खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट दिया है। इसके बाद एसएसजी ने सीएम नीतीश की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला किया है। मालूम हो कि पाकिस्तान के एक डॉन शहजाद भट्टी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करके नीतीश को धमकी दी थी और मांफी की मांग की थी। पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया था। इसमें नीतीश कुमार को लेकर उसने कहा था, बिहार में जो हुआ, वह सबने देखा। एक बड़े पद पर बैठा व्यक्ति एक मुस्लिम महिला के साथ इस तरह का व्यवहार करता है। उसके पास अभी भी वक्त है कि उस बच्ची और महिला से माफी मांग ले। अगर माफी नहीं मांगी गई, तो फिर ये मत कहना कि चेतावनी नहीं दी थी। याद दिला दें कि 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें नीतीश कुमार नियुक्ति पत्र वितरण के कार्यक्रम में कथित तौर पर एक मुस्लिम महिला के चेहरे से हिजाब खींचते दिख रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद से ही राजनीति गरम है। सिर्फ इतना ही नहीं, महिला के चेहरे से हिजाब हटाने के मामले पर सियासी बयानबाजी भी जारी है। अब इस पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने कोई गलत काम नहीं किया। अगर कोई नियुक्ति पत्र लेने जा रहा है या जा रही हो, क्या वह चेहरा नहीं दिखाएंगे। ये कोई इस्लामिक देश है क्या. नीतीश ने एक गार्जियन की हैसियत से ये किया है। आप पासपोर्ट लेने या एयरपोर्ट पर जाते हैं तो क्या चेहरा नहीं दिखाते। भारत में कानून का राज चलेगा, नीतीश कुमार जी ने ठीक किया। जब उन्हें बताया गया उक्त महिला के नौकरी ज्वाइन न करने की खबरें हैं. वह नौकरी को रियूज कर रही हैं। इस पर गिरिराज ने कहा कि वह रियूज करें या जहन्नूम जाएं। इससे पहले नीतीश को लेकर यूपी के मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद ने भी ऐसा बयान दिया था कि उन्हें सफाई देनी पड़ी थी। उन्होंने कहा था कि अगर कहीं और छू देते तो क्या हो जाता। इसके बाद कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के मंत्रियों ने बिना शर्त माफी मांगने की मांग की थी। इसके बाद संजय निषाद ने सफाई दी थी कि मेरे बयान को तोड़मरोड़ कर पेश किया गया। बयान को गलत समझा गया। शोर–शराबे और अनुवाद में उसका असली मतलब खो गया। संजय ने ये भी कहा कि गोरखपुर और भोजपुरी भाषी क्षेत्र से वो आते हैं, जहां बोलने और बातचीत का अंदाज क्षेत्र के हिसाब से अलग है। भोजपुरी में ये लोगों से किसी भी मुद्दे को ज्यादा तूल न देने और संयम बरतने की सलाह देने का आम तरीका है। मैंने हिंदी में भी उसी अंदाज का इस्तेमाल किया। नहीं पता था इतना बड़ा मुद्दा बन जाएगा। जैसे हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में बोलने का तरीका अलग–अलग होता है, वैसे ही उत्तर और पूर्वी भारत में भी बोलियां अलग हैं। इसका मतलब ये तो कतई नहीं है कि मेरा किसी का भी अपमान करने का इरादा था।



नफीस जाफरी

वैसे यहां यह बताते चलें कि इस घटना की कई पश्चिम एशियाई देशों से भी आलोचना हुई है, और जनता दल (यूनाइटेड) अध्यक्ष कुमार पर मुस्लिम परंपराओं का अनादर करने के आरोप लग रहे हैं, जो कथित तौर पर ''आरएसएस एजेंडा'' के अनुरूप है। बिहार के कटिहार से कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने गिरिराज सिंह और नीतीश कुमार की कड़ी आलोचना की है। तारिक अनवर ने कहा, ''ये निम्न स्तर के लोग हैं, इनकी सोच बहुत घटिया है। वे यह नहीं समझते कि हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है। हर किसी को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता है। जो कुछ नीतीश कुमार ने किया वह शर्मनाक और दुखद है। राकांपा (एसपी) सांसद फौजिया खान ने भी कुमार और सिंह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''यह बेहद दुखद है कि जिम्मेदार लोग ऐसे .त्य करते हैं, इससे दुनिया को गलत संदेश जाएगा। किसी महिला का यह निजी फैसला होता है कि वह कितना शरीर ढके और नकाब हटाना किसी महिला को निर्वस्त्र करने के समान है। खान ने कहा, ''उन्हें (कुमार को) सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय वे कह रहे हैं कि जो हुआ वह सही था। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुती ने भी सिंह की टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा। इल्तिजा मुती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इस आदमी के गंदे मुंह को साफ करने के लिए सिर्फ फिनाइल ही काम आएगा। हमारी मुस्लिम माताओं और बहनों के हिजाब और नकाब को छूने की हिम्मत मत करना। वरना हम मुस्लिम औरतें तुम्हें ऐसा सबक सिखाएंगी जिसे तुम और तुम्हारे जैसे लोग हमेशा याद रखोगे। वहीं गिरिराज सिंह के बयान के बारे में पूछे जाने पर, कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा, ''उन्हें मानसिक बीमारी का इलाज करवाने की जरूरत है। मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने कहा कि 'पर्दा की पारंपरिक अवधारणा के खिलाफ उनके विचार सर्वविदित हैं, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक सार्वजनिक समारोह में महिला का नकाब हटाने की घटना को वह स्वीकार नहीं कर सकते। अख्तर ने 'एक्सश पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस घटना की ''कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने लिखा, ''जो भी मुझे थोड़ा बहुत भी जानता है, उसे पता है कि मैं 'पर्दाश परंपरा के कितना खिलाफ हूं, लेकिन इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि मैं नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला डॉक्टर के साथ किए गए बर्ताव को किसी भी तरह से स्वीकार कर लूं... नीतीश कुमार को उस महिला से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। बहरहाल, घटना को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बढ़ती आलोचना के बीच एमनेस्टी इंटरनेशनल ने एक बयान जारी कर इस कदम को ''महिला की गरिमा, स्वायत्तता और पहचान पर हमला बताया। वैश्विक मानवाधिकार संगठन ने कहा, ''जब कोई जनप्रतिनिधि किसी महिला का हिजाब जबरदस्ती खींचता है, तो इससे जनता को यह संदेश जाता है कि ऐसा व्यवहार स्वीकार्य है। इस .त्य की स्पष्ट निंदा और जवाबदेही होनी चाहिए।

## कोकाटे- जिनका विवादों में घिरना और निष्ठा बदलने का इतिहास पुराना है



गुलफिशा खान

महाराष्ट्र की महायुति सरकार और खासकर अजित पवार गुट में आने वाले दिनों में बड़ा सत्ता परिवर्तन देखने को मिल सकता है। सूत्रों के मुताबिक, भ्रष्टाचार के मामले में सजा बरकरार रहने के बाद विवादों में घिरे मंत्री माणिकराव कोकाटे की कैबिनेट से विदाई लगभग तय मानी जा रही है। उनकी जगह अजित पवार अपने सबसे भरोसेमंद और प्रभावशाली ओबीसी चेहरे धनंजय मुंडे को दोबारा मंत्रिमंडल में शामिल करने की तैयारी में हैं। फडणवीस कैबिनेट में फेरबदल की अटकलों के बीच धनंजय मुंडे ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच 20 मिनट तक बातचीत हुई। सूत्रों के अनुसार विवादों में चल रहे मंत्री माणिकराव कोकाटे को कैबिनेट से हटाया जा सकता है और उनकी जगह धनंजय मुंडे को शामिल किया जा सकता है। भ्रष्टाचार मामले में सजा बरकरार रहने के बाद अजित पवार पर कोकाटे का इस्तीफा लेने का भारी दबाव है। छगन भुजबल के खराब स्वास्थ्य और धनंजय मुंडे के प्रभावशाली ओबीसी नेतृत्व को देखते हुए अजित पवार पार्टी में बड़े फेरबदल की तैयारी में हैं। सरपंच संतोष देशमुख हत्या मामले में धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को आरोपी बनाए जाने के बाद विपक्ष के तेज हमलों और दबाव के चलते मुंडे को इस्तीफा देना पड़ा था। आपको बता दें कि धनंजय मुंडे ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए मार्च 2025 में महाराष्ट्र के .षि मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। पार्टी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल के खराब स्वास्थ्य के बीच पार्टी के मजबूत ओबीसी चेहरे के रूप में मुंडे की वापसी को लेकर राजनीतिक गलियारों में मंथन तेज हो गया है। वहीं जहां तक कैबिनेट मंत्री मानिकराव कोकाटे का सवाल है तो मालूम हो कि महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री मानिकराव कोकाटे ने न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उनके इस्तीफे के तत्काल बाद कानूनी



प्रक्रिया तेज हो गई है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने एक्स पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री और मेरी पार्टी के साथी मानिकराव कोकाटे ने माननीय कोर्ट के फैसले के बाद मुझे अपना इस्तीफा दे दिया है। हमारी पार्टी की लंबे समय से चली आ रही सोच के अनुसार कि कानून का राज सबसे ऊपर है और सभी लोगों से ऊपर है, इस्तीफा सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंवे कहा कि मैंने कोकाटे का इस्तीफा संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार, उचित विचार और स्वी.ति के लिए माननीय मुख्यमंत्री को भेज दिया है। हमारी पार्टी का हमेशा से मानना रहा है कि सार्वजनिक जीवन संवैधानिक नैतिकता, संस्थागत ईमानदारी और न्यायपालिका के सम्मान से चलना चाहिए। हम कानून के राज के साथ मजबूती से खड़े हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के भरोसे को बनाए रखने वाले तरीके से काम करते रहेंगे। माणिकराव कोकाटे नासिक जिले के सिन्नर निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार के विधायक हैं और उनका राजनीतिक निष्ठा बदलने का इतिहास रहा है. उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई गई है। यह मामला 1995 का है और इसमें मुख्यमंत्री कोटे के तहत आरक्षित लैटों के दुरुपयोग का आरोप है। ये लैट कम आय वाले लोगों के लिए हैं जिनके पास कोई अन्य संपत्ति नहीं है। माणिकराव कोकाटे और उनके भाई विजय कोकाटे पर नासिक के कनाडा कॉर्नर इलाके में स्थित निर्माण व्यू अपार्टमेंट में दो लैट हासिल करने के लिए फर्जी हलफनामे और दस्तावेज जमा करने का आरोप था। जांच में पता चला कि भाई उसी इमारत में दो और लैटों का भी इस्तेमाल कर रहे थे जो दूसरों को आवंटित किए गए थे। जिला प्रशासन की जांच के आधार पर, विश्वनाथ पाटिल – जो उस समय अर्बन लैंड सीलिंग विभाग मेंअधिकारी थे, उन्होंने एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद, सरकारवाड़ा पुलिस स्टेशन में कोकाटे भाइयों सहित चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। कोर्ट ने अब उन्हें दो साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है और प्रत्येक पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। कैबिनेट में शामिल होने के बाद से, मंत्री कोकाटे अक्सर कई विवादों के केंद्र में रहे हैं। जुलाई में राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र के बाद उनसे .षि मंत्रालय छीन लिया गया था, जब एनसीपी (शरद पवार) के विधायक रोहित पवार ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किए थे, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कोकाटे विधान परिषद सत्र के दौरान अपने मोबाइल फोन पर गेम खेल रहे थे। हालांकि, मंत्री कोकाटे ने आरोपों से इनकार किया, लेकिन इस घटना की कड़ी आलोचना हुई। वहीं इससे पूर्व महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके सरकारी आवास 'वर्षा' में मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक यह बैठक मंत्री मानिकराव कोकाटे के भविष्य को लेकर बेहद अहम रही। दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक राजनीतिक और कानूनी विकल्पों पर चर्चा चली।

## स्मरण- जब अटल बिहारी ने राष्ट्रपति बनने से कर दिया था इंकार



फरीद वारसी

देश की राजनीति में कुछ ऐसे भी प्रसंग रहे हैं, जिसने प्रेरणा लिए जाने की जरूरत है। मालूम हो कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर इस बात के ढ़ेरों आरोप लगते है कि वे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहती हैं, और यही कारण है कि कांग्रेस के दूसरे अन्य प्रतिभावान नेताओं को किनारे लगाया गया। यहां तक कि प्रियंका गांधी को भी बहुत देर से राजनीति में लाया गया और उसके बाद भी अब तक पार्टी प्रियंका गांधी का सही समय पर उचित इस्तेमाल करने के बजाए, सिर्फ पार्टी का स्टार प्रचारक तक ही उनकी भूमिका सीमित रखे हुए है। जबकि वहीं दूसरी ओर लोगों को याद होगा कि 2004 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए की जीत और यूपीए के एकजुट रहने के बाद भी सोनिया गांधी ने देश का प्रधानमंत्री बनने से इंकार कर त्याग की एक अनोखी मिसाल पेश की थी। और इसी तरह देश तत्कालीन प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेई ने भी एक मिसाल पेश कर राजनेताओं को नैतिकता के तकाजे की प्रेरणा दी थी। विदित हो कि भारत के 11वें राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर विचार करने से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर से यह सुझाव आया था कि अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रपति पद ग्रहण कर लें और प्रधानमंत्री पद लाल.ष्ण आडवाणी को सौंप दें। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इससे इनकार करते हुए कहा था कि बहुमत के बल पर उनका राष्ट्रपति बनना एक गलत परंपरा की शुरुआत होगी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री वाजपेयी के मीडिया सलाहकार रहे अशोक टंडन ने प्रभात प्रकाशन की ओर से प्रकाशित पुस्तक 'अटल संस्मरण' में इस प्रकरण का उल्लेख किया है। गौरतलब है कि अब्दुल कलाम 2002 में केंद्र के तत्कालीन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए और विपक्ष दोनों के समर्थन से 11वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। वह 2007 तक इस पद पर रहे। बहरहाल, अशोक टंडन ने अपनी पुस्तक में खुलासा किया है कि कलाम के नाम पर विचार से पहले कैसे भाजपा के भीतर से ही यह सुझाव आया था कि तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी को राष्ट्रपति भवन भेजा जाए। वह लिखते हैं, 'डॉ. पी.सी. अलेक्जेंडर महाराष्ट्र के राज्यपाल थे और पीएमओ में एक प्रभावशाली साथी व्यक्तिगत तौर पर अलेक्जेंडर के संपर्क में थे तथा उन्हें ऐसा संकेत दे रहे थे जैसे वह वाजपेयी के दूत हों। वह सज्जन वाजपेयी को लगातार यह समझाने की कोशिश कर रहे थे कि डॉ. अलेक्जेंडर, जो कि एक ईसाई हैं, को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाना चाहिए। ऐसा करने से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी असहज होंगी और भविष्य में उनके प्रधानमंत्री बनने की संभावना नहीं रहेगी, क्योंकि देश में एक ईसाई राष्ट्रपति के रहते एक और ईसाई प्रधानमंत्री नहीं हो सकेगा। टंडन की किताब के मुताबिक दूसरी ओर, तत्कालीन उपराष्ट्रपति .ष्णकांत एनडीए के संयोजक और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू व अन्य नेताओं पर अपनी उम्मीदवारी के लिए निर्भर थे। टंडन ने लिखा है, इसी दौरान भाजपा के भीतर से स्वर उठने लगे कि क्यों न अपने ही दल से किसी वरिष्ठ नेता को इस पद के लिए चुना जाए। टंडन के अनुसार, इस बीच 'पूरा विपक्ष रिटायर हो रहे राष्ट्रपति के. आर. नारायणन को एनडीए उम्मीदवार के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश कर रहा था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। नारायणन की शर्त थी कि वह तब ही चुनाव लड़ने को तैयार होंगे, जब निर्विरोध चुने जा सकेंगे। वर्ष 1998 से 2004 तक वाजपेयी के मीडिया सलाहकार रहे टंडन ने लिखा है कि वाजपेयी ने अपने दल के भीतर से आ रहे उन सुझावों को सिरे से खारिज कर दिया कि वह स्वयं राष्ट्रपति भवन चले जाएं और प्रधानमंत्री पद अपने नंबर दो नेता लाल.ष्ण आडवाणी को सौंप दें। अशोक टंडन के अनुसार, 'वाजपेयी इसके लिए तैयार नहीं थे। उनका मत था कि किसी लोकप्रिय प्रधानमंत्री का बहुमत के बल पर राष्ट्रपति बनना भारतीय संसदीय लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं होगा। यह एक



बहुत गलत परंपरा की शुरुआत होगी और वे ऐसे किसी कदम का समर्थन करने वाले अंतिम व्यक्ति होंगे। टंडन के मुताबिक, वाजपेयी ने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं को आमंत्रित किया, ताकि राष्ट्रपति पद के लिए आम सहमति बनाई जा सके। उन्होंने कहा, 'मुझे याद है कि सोनिया गांधी, प्रणब मुखर्जी और डॉ. मनमोहन सिंह उनसे मिलने आए थे। वाजपेयी ने पहली बार आधिकारिक रूप से खुलासा किया कि एनडीए ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम को उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया है... बैठक में कुछ क्षणों के लिए सन्नाटा छा गया। फिर सोनिया गांधी ने चुप्पी तोड़ी और कहा कि आपके चयन से हम स्तब्ध हैं, हमारे पास उन्हें समर्थन देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, लेकिन हम आपके प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे और निर्णय लेंगे।

अलेक्जेंडर की आत्मकथा का उल्लेख करते हुए टंडन ने कहा है कि उन्होंने (अलेक्जेंडर ने) कई लोगों को 2002 में उन्हें राष्ट्रपति न बनने देने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे के. नटवर सिंह के अनुसार, डॉ. अलेक्जेंडर ने उन्हें और वाजपेयी के प्रधान सचिव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ब्रजेश मिश्रा को भी इसके लिए दोषी ठहराया। टंडन ने इस पुस्तक में वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए अन्य घटनाओं और विभिन्न नेताओं से वाजपेयी के रिश्तों के बारे में भी काफी जानकारी साझा की है। वहीं दूसरी ओर भाजपा में बहुप्रचारित अटल–आडवाणी जोड़ी के बारे में उन्होंने लिखा है कि पार्टी में कुछ नीतिगत मसलों पर मतभेद के बावजूद दोनों नेताओं के बीच संबंधों में सार्वजनिक कटुता नहीं आई। टंडन के मुताबिक, आडवाणी जी ने हमेशा अटलजी को 'मेरे नेता और प्रेरणास्रोत कहा और वाजपेयी जी ने भी उन्हें 'अटल साथी कहकर संबोधित किया। टंडन ने कहा, 'अटल बिहारी वाजपेयी और लाल.ष्ण आडवाणी की जोड़ी भारतीय राजनीति में सहयोग और संतुलन का प्रतीक रही है। दोनों ने न केवल भाजपा को खड़ा किया, बल्कि सत्ता और संगठन को एक नई दिशा दी। उनकी मित्रता और साझेदारी यह सिखाती है कि जब दो विचारवान, समर्पित और ईमानदार नेता अहंकार नहीं, आदर्शों के साथ चलें, तो राष्ट्र और संगठन दोनों को सफलता मिलती है। टंडन ने 13 दिसंबर, 2001 को हुए संसद हमले के समय के उस वाकये का भी उल्लेख किया जब वाजपेयी और लोकसभा में तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष सोनिया गांधी के बीच फोन पर बात हुई थी। किताब में बताया गया है कि जब संसद पर हमला हुआ, उस समय वाजपेयी अपने निवास पर थे और सुरक्षा बलों की कार्रवाई को अपने सहयोगियों के साथ टेलीविजन पर देख रहे थे। टंडन के अनुसार, 'अचानक कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का फोन आया। उन्होंने कहा– मुझे आपकी चिंता हो रही है, आप सुरक्षित तो हैं? इस पर अटलजी ने कहा– सोनिया जी, मैं तो सुरक्षित हूं, मुझे चिंता हो रही थी कि आप संसद भवन में तो नहीं.. अपना खयाल रखिए।

## मार्क्स-मैकॉले मानसपुत्रों की बौखलाहट लाजमी

बलबीर पुंज

यूं तो प्रधानमंत्री मोदी ने मैकॉले मानसिकता की सही पहचान की है, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। भारत का प्रभावशाली राजनीतिक, बौद्धिक और सामाजिक वर्ग सिर्फ मैकॉले ही नहीं, बल्कि कार्ल मार्क्स की विचारधारा से भी लंबे समय तक ग्रस्त रहा है। स्वतंत्रता के बाद से यह वैचारिक तंत्रकृ कभी साथ मिलकर, कभी अलग–अलग अपने श्अधूरे एजेंडेय को आगे बढ़ाता रहा। हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को श्मैकॉले मानसिकताय से पूरी तरह मुक्त कराने का संकल्प दोहराया। उनके अनुसारकृ वर्ष 1835 में मैकाले नाम के एक अंग्रेज ने भारत को अपनी जड़ों से उखाड़ने के बीज बोए थे। मैकाले ने भारत में मानसिक गुलामी की नींव रखी थी। दस साल बाद 2035 में उस घटना को 200 वर्ष पूरे हो रहे हैंज् हमें दस वर्षों का लक्ष्य लेकर चलना है कि भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे। प्रधानमंत्री ने यह बात बिल्कुल उपयुक्त स्थानकृ अयोध्या में कही। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के निर्माण में सात दशक की देरी, दरअसल, उसी मानसिक गुलामी का प्रतीक है। यह मंदिर स्वतंत्रता के तुरंत बाद बन सकता था, जो भारत के आत्मगौरव और पहचान की पुनर्स्थापना में एक बड़ा कदम होता। परंतु औपनिवेशिक सांचे में ढले नेताओं–बुद्धिजीवियों ने इसे हिंदूदृ मुस्लिम विवाद में परिवर्तित कर दिया। इस संबंध में विदेशी मानसपुत्रों ने ऐसे झूठे नैरेटिव गढ़े, जिनसे यह मामला दशकों तक मुकदमों के जाल में उलझा रहा, सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ा, अनगिनत निर्दोषों की जानें गई और अकूत संपत्ति का नुकसान हुआ। इस विषय को मैंने अपनी पुस्तककृ श्ट्रिस्ट विद अयोध्यारू डिकॉलोनाइजेशन ऑफ इंडियाय में विस्तार से समझाया है। यूं तो प्रधानमंत्री मोदी ने मैकॉले मानसिकता की सही पहचान की है, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। भारत का प्रभावशाली राजनीतिक, बौद्धिक और सामाजिक वर्ग सिर्फ मैकॉले ही नहीं, बल्कि कार्ल मार्क्स की विचारधारा से भी लंबे समय तक ग्रस्त रहा है। स्वतंत्रता के बाद से यह वैचारिक तंत्रकृ कभी साथ मिलकर, कभी अलग–अलग अपने श्अधूरे एजेंडेय को आगे बढ़ाता रहा। दोनों कभी मिले नहीं, लेकिन वे भारत की सनातन सभ्यता से गहरी घृणा करते थे। थॉमस बैबिंगटन मैकॉले रुग्ण पूंजीवादी और साम्राज्यवादी थे। दूसरी ओर, कार्ल मार्क्स वामपंथी विचारधारा का अग्रदूत, जो पूंजीवाद की तीखी आलोचना करते और वर्गदृसंघर्ष को अपना हथियार मानते थे। परंतु दोनों का एक ही लक्ष्य थाकृ भारत की आत्मा को इस्लामी आक्रांताओं की तरह बलपूर्वककृ तलवार के बजाय बौद्धिक स्तर से क्षीण करना। इसलिए जब कालांतर में अंग्रेजों ने जिहादियों (मुस्लिम लीग सहित) के साथ मिलकर भारतीय उपमहाद्वीप के विभाजन का रास्ता तैयार किया, तब वामपंथियों ने न केवल इसका समर्थन किया, बल्कि भारत को 15 से अधिक और टुकड़ों में विभाजित करने का ख्वाब देखना शुरू कर दिया। वर्ष 1835 में मैकॉले की शिक्षा–नीति का लक्ष्य थाकृ ऐसी हिंदुस्तानियों की जमात तैयार करना, जो खून और रंग से तो भारतीय हो, मगर स्वाद, सोच, नैतिकता और बुद्धि से अंग्रेज। इस नीति ने ही भारतीयों को अपनी मूल सनातन संस्कृति को हीन–दृष्टि से देखने और उससे घृणा करने का मार्ग प्रशस्त किया। समृद्ध भारतीय साहित्यदृविद्या परंपरा से मैकाले की नफरत इतनी गहरी थी कि वे उन्हें एक अच्छे यूरोपीय पुस्तकालय की छोटी अलमारी के भी बराबर भी नहीं मानते थे। औपनिवेशी मैकॉले का चिंतन मजहबी भी था। 12 अक्टूबर 1836 को अपने पिता के नाम लिखित पत्र में उसने साफ लिखाकृ यदि हमारी शिक्षा नीति सफल रही, तो तीस वर्षों के भीतर बंगाल के सम्मानित घरानों में एक भी मूर्तिपूजक नहीं बचेगा। यह मानस 1813 के ईस्ट इंडिया कंपनी चार्टर के उसी विवादास्पद प्रावधान के अनुरूप था, जिसमें यूरोपीय मिशनरियों को भारत में मतांतरण की खुली छूट देने और इसमें सहयोग करने की बात थी। इसी औपनिवेशिक प्रयोगशाला से आगे श्आर्य आक्रमण सिद्धांतय, श्द्रविड़ आंदोलनय और भारत राष्ट्र नहीं है जैसे अनेक विभाजनकारी नैरेटिव जन्में, जिनका असर स्वतंत्र भारत के एक बड़े तबके (राजनीतिक सहित) पर आज भी है। ब्रिटिशराज में भारत का बौद्धिक–सांस्कृतिक दमन कार्ल मार्क्स के मन–मुताबिक था। 8 अगस्त 1853 को श्न्यूयॉर्क डेली ट्रिब्यूनय के एक कॉलम में मार्क्स ने लिखाकृ अंग्रेज पहले विजेता थे, जिनकी सभ्यता श्रेष्ठतर थी, और इसलिए, हिंदू सभ्यता उन्हें अपने अंदर न समेट सकी। उन्होंने देशज समाज को उजाड़कर, स्थानीय उद्योग–धंधों को तबाह करके और मूल समाज के अंदर जो कुछ भी महान और उन्नत था, उन सबको धूल–धूसरित करके भारतीय सभ्यता को नष्ट कर दिया। उसके अनुसारकृ इंग्लैंड का भारत में दोहरा मिशन हैरू एक विनाशकारी और दूसरा पुनर्निर्माणकारी। मार्क्स इस तबाही को जरूरी श्क्रांतिय की सीढ़ी मानते थे, क्योंकि संस्कृति और अर्थव्यवस्था एक–दूसरे के पूरक होते हैं। यही नहीं, 25 जून 1853 को श्न्यूयॉर्क डेली ट्रिब्यूनय के अन्य कॉलम में मार्क्स ने हिंदू परंपराओं–मान्यताओं पर लिखाकृ ज्मनुष्य प्रकृति का स्वामी बनने के बजाय उसके सामने झुकता थाज् इस पतन का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि मनुष्य बंदर श्हनुमानय और गाय श्सबलाय की पूजा करता हैज् भारत आए बिना मार्क्स ने यह विचार प्रकट किए थे और स्वतंत्र भारत में उनके अनुयायी आज भी इसका अनुसरण करते हुए सनातन आस्था–परंपराओं को कलंकित करते है। वास्तव में, भारतीय दर्शन मनुष्य को प्रकृति का हिस्सा मानता है, उसका स्वामी नहीं। वैदिक संस्कृति ने ही पहली से सत्रहवीं सदी तक भारतीय अर्थव्यवस्था को समृद्ध रूप दियाकृ इसका प्रमाण दुनियाभर के प्रामाणिक शोध में मिलता है। जिस औपनिवेशिक मार्क्स–मैकाले मानसिकता से भारत को स्वतंत्रता के बाद मुक्त हो जाना चाहिए था, उसे 1998–2004 के कालखंड पश्चात बाद गति वर्ष 2014 के बाद मिली। इस संदर्भ में ब्रिटेन के प्रतिष्ठित अखबार श्द गार्जियनय का 18 मई 2014 का संपादकीय बहुत महत्वपूर्ण होत जाता है। उसके अनुसारकृ मोदी की जीत उस लंबे दौर का अंत है, जिसमें सत्ता का ढांचा लगभग वैसा ही था जैसा ब्रिटेन ने भारत पर राज करते समय बनाया था। कांग्रेसी शासन में भारत कई मायनों में ब्रिटिशराज की ही दूसरी रूप में जारी व्यवस्था जैसा था। स्वतंत्रता के बाद अयोध्या में समाज (मुस्लिम सहित) और शासन–प्रशासनकृ सब एकमत थे कि हिंदुओं को श्रीरामजन्मभूमि सौंप दी जाए। परंतु तत्कालीन प्रधानमंत्री पं।नेहरू और उनके मार्क्स–मैकॉले चिंतन ने ऐसा नहीं होने दिया। आज पुनर्निर्मित श्रीरामजन्मभूमि मंदिर सिर्फ एक सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि सनातन पुनर्जागरण का जीवंत प्रतीक भी है। 25 नवंबर को वैदिक मंत्रों के बीच जब प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में सनातन ध्वज स्थापित किया, तो यह भारत की सभ्यतागत उन्नति के आह्वान के साथ गुलाम मानसिकता की जंजीरों को तोड़ने की घोषणा भी थी। इससे मार्क्स–मैकॉले मानसपुत्रों की बौखलाहट लाजमी है।

# ब्लाक बलहा के कई ग्राम पंचायतों में चल रहा फर्जी मास्टर रोल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विकास खंड बलहा के दर्जनों गांवों में फर्जी मास्टर रोल का खेल जारी सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। बता दें कि प्रदेश की सरकार ग्रामीण क्षेत्र के चौमुखी विकास हेतु विभिन्न प्रकार की योजना चला कर ग्रामीणों को लाभान्वित कर रही है साथ ही साथ ग्राम प्रधानों के माध्यम से ग्राम पंचायत का विकास हेतु अनेकोंअनेक काम कर रही है, जिसमें मनरेगा भी शामिल इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के नाली खड़ंजा इत्यादि की खुदाई और पटाई का कार्य कराया जाता है। इसमें ग्राम प्रधान व पंचायत सचिवों की मिलीभगत से बड़ा भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है। ताजा मामला बलहा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत भलुहिया भारत का है। जहां पर बरगदिहा मे मोहम्मद जैकी के खेत से तालाब तक मिटटी पिटाई का कार्य, बहरैइची के खेत से बेचाईपुरवा बॉर्डर तक मिटटी का कार्य चल रहा है। इसके अलावा दो जगह पर और मिट्टी पढ़ाई का कार्य चल रहा है। मास्टर रोल पर 89 लेबर की फर्जी हाजी लगाकर काम दिखाया जा रहा है जबकि मौके एक भी मजदूर काम नहीं कर रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क पर विगत में काई माह पहले इस पर मिट्टी पटाई गई थी तब से कोई कर नहीं किया गया है इस समय जो भी हाजिरी लगाई जा रही है वह फर्जी है। इस संबंध में जब ग्राम प्रधान से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया इस बाबत जब ग्राम पंचायत सचिव हबीब अख्तर से बात की गई तो उन्होंने बताया मैं दिखवा रहा हूं।

# पुलिस व अभियोजन की सख्त पैरवी का असर

## – कोर्ट ने सुनाई कारावास व अर्थदंड की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई एवं न्यायालय से दंड दिलाए जाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में यह सफलता प्राप्त हुई। थाना लवेदी, मॉनिटरिंग सेल तथा अभियोजन की टीम द्वारा प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गई। थाना लवेदी क्षेत्र अंतर्गत अभियुक्तों द्वारा एक सुसंगठित गैंग बनाकर लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से चोरी जैसे अपराध किए जा रहे थे, जिससे समाज में भय का माहौल व्याप्त था। इस संबंध में थाना प्रभारी की जुबानी सूचना के आधार पर 07 अक्टूबर 2022 को थाना लवेदी पर अपराध संख्या 71/2022, धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजी.त किया गया। प्रकरण की विवेचना निरीक्षक सियाराम गौतम द्वारा की गई। साक्ष्य संकलन के उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियोग की सतत निगरानी की गई। गवाहों को नियत तिथियों पर थाना चकरनगर पुलिस टीम, पैरोकार कांस्टेबल राबिन सिंह, मॉनिटरिंग टीम एवं एडीजीसी संजीव चतुर्वेदी द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय द्वारा अभियुक्त राकेश त्रिपाठी उर्फ भूरे, पुत्र किशन स्वरूप, निवासी दाऊदपुर, थाना लवेदी को दोषी ठहराया गया।




# मिड-डे-मील वितरण शिक्षक शिक्षिकाएं स्वयं खड़े होकर करायें पटैरिया

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जीडी इंटर कॉलेज महुआ में ग्राम प्रधान ऑब्लिक स्थानीय अधिकारी निकाय एवं प्रधान अध्यापकों का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार पटेरिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार पटेरिया ने शिक्षक शिक्षिकाओं मार्गदर्शन करते हुए कहा कि छोटी–छोटी समस्याओं को लेकर बीईओ को अवगत कराने के साथ उनका समाधान भी करने का प्रयास करें गांव में बच्चों द्वारा पानी की टोटी तोड़ देने की दिशा में हमेशा विद्यालय में 10 टोटी रखें ताकि तत्काल बदल दी जाए मिड डे मील वितरण अध्यापक खड़े होकर करायें वहीं कुछ प्रधानों के बैठक में ना आने पर नाराजगी भी जताई। वहीं जय किशोर दीक्षित ने अध्यापकों की समस्याएं बताते हुए कहा कि हमसे छोटे स्तर के अधिकारी हमारे ऊपर जांच के नाम पर रौब गांठते हैं जो पूर्णतः अनुचित है। एआरपी गुलाब द्विवेदी ने कहा कि अभी भी कंपोजिट विद्यालयों प्राथमिक स्तर के अध्यापक जूनियर स्तर वाले बच्चों को और जूनियर स्तर के अध्यापक प्राइमरी स्तर वाले बच्चों को जरूर पढ़ायें। एआरपी शिवम गुप्ता रूप नारायण जयप्रकाश ने भी विचार रखे। ग्राम प्रधान महुआ बेटा लाल ने कहा कि विद्यालयों में कन्वर्जन कास्ट समय से भेजी जाए ताकि मिड डे मील का संचालन बना रहे। इस गोष्ठी में गढी चांदपुर प्रधान संग्राम सिंह मधुरिया पत्नी जगदीश पाल माधवपुर बेटा लाल प्रधान महुआ मेवालाल प्रधान नाई कुसुम लता त्रिवेदी नाई सुधा सिंह रफी अहमद मोहम्मद रिजवान वंदना तिवारी नसीम अहमद आदि उपस्थित रहे। गोष्ठी की संचालन व्यवस्था मोहम्मद दानिश सुनील कुमार शुभम श्रीवास्तव चंद्रशेखर तिवारी हर्षित आदि ने संभाली।



# सत्यापन के लिए नामित अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों जहां पर मृतक, डुप्लीकेट, शिटेड व अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। ऐसे 03–03 बूथों के सत्यापन के लिए प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 12–12 जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है। नामित किये गये अधिकारी सम्बन्धित बूथ लेबिल अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए मृतक, डुप्लीकेट, शिटेड व अनुपस्थित मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामित किये गये अधिकारियों के साथ गुरूवार को देरशाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि रैंडम आधार पर क्षेत्र में जाकर मृतक, डुप्लीकेट, शिटेड व अनुपस्थित मतदाताओं के बारे में जानकारी करें इस कार्य में बूथ लेबिल एजेन्ट की भी मदद ली जाय। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 22 दिसम्बर तक क्षेत्र का भ्रमण कर जैसी भी स्थिति हो अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दें। डीएम ने कहा कि इस सारी कवायद के पीछे मंशा यही है कि जनपद की त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।



# अटल पथ पर वरिष्ठ भाजपा नेता का आमरण अनशन 21 से

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व नगर अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद में नेता प्रतिपक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शरद बाजपेयी ने अटल पथ पर आमरण–अनशन हेतु जनता के सम्बोधन में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन की लापरवाही, बेशर्मी और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सम्मान के लिए 21 दिसम्बर को अटल पथ पर अटल जी के चरणों में सुबह 10 बजे आमरण अनशन पर बैठूंगा।




शरद बाजपेयी ने कहा कि मैं लगातार प्रशासन को प्रार्थना पत्र देता रहा और प्रशासन लापरवाही और बेशर्मी लादे हुए चैन की नींद सोता रहा। प्रशासन की लापरवाही चरम सीमा पर है और मुझे लगता है कि प्रशासन शासन को भी अटल जी की प्रतिमा के विषय में सही जानकारी नहीं दे रहा है। जैसा कि आप सबको विदित है कि पहले श्रद्धेय अटल जी की हाथ जोड़कर प्रतिमा लगाई गई थी मेरे विरोध करने पर प्रतिमा तो हटाई गई लेकिन इस प्रतिमा को हाथ जोड़कर हटाकर, उन्हीं हाथों को छाती पर रख दिया गया फिर मैंने लगातार इसका विरोध किया कि अटल जी का जो सम्मान है उनकी जो ख्याति है उनकी गरिमा के अनुरूप ही सावधान की मुद्रा में प्रतिमा को लगाया जाए इसके बाद कई विभागों को नोटिस भी दिए गए लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई और प्रतिमा आज तक कपड़े में लिपटी है। अटल जी की प्रसिद्ध कविता हार नहीं मानूंगा भी दीवार पर गलत लिखी गई थी जिसको मेरे द्वारा विरोध करने के बाद सही कराया गया प्लेटफार्म की ऊंचाई बहुत कम थी मैंने खड़े होकर प्लेटफार्म को ऊंचा कराया प्लेटफार्म की चौड़ाई बहुत कम है उसकी चौड़ाई दो घेरों के पहले एक नया घेरा बनाकर चौड़ाई बढ़ाई जाए साथ ही लाइटें और फुब्बारे लगाए जाएं और प्रतिमा के ऊपर एक छत्र लगाया जाए, ऐसी मैंने प्रशासन से मांग की थी इस पर प्रशासन काम न कराने की बेशर्मी व लापरवाही अपनाए हुए हैं। शरद बाजपेयी ने कहा कि मैंने इटावा डीएम को 4 दिसंबर को प्रार्थना पत्र दिया था कि अटल जी की प्रतिमा को सावधान की मुद्रा में लगाया जाए और मेरी अन्य मांगों को 20 दिसंबर तक पूर्ण किया जाए जिससे 25 दिसंबर को अटल जी के जन्मदिन पर उनकी प्रतिमा का अनावरण हो सके अगर 20 दिसंबर तक कार्य पूर्ण ना हुआ तो मैं 21 दिसंबर से अटल पथ पर अटल जी के चरणों में आमरण अनशन पर बैठूंगा। प्रशासन की कार्यशैली शासन को बदनाम कर रही है जबकि मुख्यमंत्री योगी जी के शासन में सभी को न्याय मिलता है, लेकिन मुझे लगता है कि प्रशासन योगी सरकार को सही जानकारी न देकर गुमराह कर रहा है। शरद बाजपेयी ने कहा कि मैं इटावा की जनता को बताना चाहता हूं कि अटल पथ कचहरी पर 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे मैं अटल जी के सम्मान में आमरण अनशन पर बैठूंगा, चाहे मेरे प्राण ही क्यों न चले जाएं पर छाती पर रखे हुए प्रतिमा का अनावरण नहीं होगा, मैं आमरण अनशन पर अटल जी के सम्मान के लिए बैठ रहा हूं।

# डीएम का औचक निरीक्षण, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व समयबद्धता के निर्देश

## - कस्तूरबा गांधी विद्यालयों से लेकर प्राथमिक विद्यालय तक निरीक्षण

## - लापरवाही पर फटकार, बेहतर शिक्षा व व्यवस्थाओं पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शैक्षिक भवन, ग्राम केसरा, विकास खण्ड मछरेहटा तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ब्रम्हावली, विकास खण्ड गोंदलामऊ में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में बन रहे ऐकडेमिक ब्लॉक एवं छात्रावास के कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि समस्त निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों से संवाद किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बच्चों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें तथा शिक्षक पूरी रुचि के साथ शिक्षण कार्य कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय ब्रम्हावली (कम्पोजिट), ग्राम पंचायत करूवामऊ, विकास खण्ड गोंदलामऊ का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निपुण तालिका रजिस्टर में कमियां पाए जाने पर प्रधानाध्यापक अनुराधा को कड़ी फटकार लगाई। वहीं छात्र उपस्थिति रजिस्टर में बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। विद्यालय में साफ–सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं में कमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार से स्पष्टीकरण तलब करने तथा प्रधानाध्यापक अनुराधा के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा–3 के छात्र से पुस्तक पढ़वाई, जिसे बच्चे ने सही ढंग से पढ़ा। इस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की और छात्र से यूनिफॉर्म, मध्यान्ह भोजन एवं शिक्षण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# डीएम ने प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सुनीं समस्याएं

## - समस्याओं का किया निवारण



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने प्रशासन गांव की ओर सूत्र वाक्य पर आज जनपद के कई ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर गांव वासियों से बात की और उनकी समस्याओं को जाना, साथ ही उनके निवारण हेतु अपना संकल्प भी दोहराया। उन्होने कहा कि मेरा यह प्रयास है कि आप सबको छोटी मोटी समस्याओं के लिए बार–बार चक्कर न लगाने न पडे साथ ही साथ अब हम इस बात का भी प्रयास कर रहे है कि आप सबको सरकार की योजनाओं और अधिकार के बारे में जागरूक किया जाए जिससे आप सबको सरकार द्वारा संचालित योजनाओंका लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने तहसील की ग्राम पंचायत नैपइ के मजरा कपावली का दौरा किया, जहां पर उन्होने ग्राम प्रधान के साथ–साथ ग्राम वासियों से वार्ता की और यहां पर स्थित सात हैक्टेयर में फैली झील को ईको टूरिज्म के रूप में विकसित करने की बात कहीं, यह गांव 6 लैन से 300 मी0 की दूरी पर स्थित है, इसलिए यहां पर ईको पर्यटन की बेहतर सम्भावनाऐं विकसित की जा सकती है। जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्राम वासियों से कहा कि आने वाले समय मे यह क्षेत्र पर्यटन के मानचित्र पर एक अलग पहचान स्थापित करेगा, साथ ही साथ आपके लिए आने वाले समय में एक बेहतर रोजगार की सम्भावनाऐं भी यहां पैदा होंगी। इसके बाद जिलाधिकारी ग्राम पचवान के क्षेत्र हुसैनपुर बैंदी गए जहां पर उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फैज–1 के अन्तर्गज जो भी जमीन शेष है, उसका अधिग्रहण शीघ्र ही किया जाए, जिससे यहां पर आवासीय कॉलोनी विकसित की जा सके और यहां पर एक मजबूत आधारभूत संरचना विकसित कर गांव वासियों को भी इसका लाभ मिल सकें। इस दौरान गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी विशु राजा, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडेय एवं तहसीलदार व लेखपाल आदि उपस्थित रहें।

# सैफई पुलिस ने एक अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना सैफई पुलिस ने एक अभियुक्ता को गिरतार कर लिया। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सैफई के निकट पर्यवेक्षण में थाना सैफई पर श्रीदेवी पत्नी स्व0 विश्राम सिंह निवासी–नगला बरी थाना वैदपुरा की तहरीर के आधार पर पुत्र को अपमानित व प्रताडित करना जिससे परेशान होकर वादिया के पुत्र उमेश कुमार द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 220/2025 धारा 108/351(2) बीएनएस में अभियोग पंजी.त किया गया था। थाना सैफई पुलिस ने शुक्रवार को सम्बन्धित अभियुक्ता को गिरतार कर लिया। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह राठी, उ0नि0 अंकित पटेल, उ0नि0 राज कुमार, उ0नि0 सुमन पाल, म0का0 45 साक्षी, म0का0 लक्ष्मी, का0 अनुराग शामिल रहे।



# चौनपुर थाने के सामने सड़क पर बना गड्ढा हादसों का कारण

## – हरसू बरम धाम जाने वाले मार्ग पर रोज हो रही दुर्घटनाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

चौनपुर, कैमूर। जिले के स्थानीय थाना क्षेत्र के सामने हरसू बरम धाम जाने वाले मुख्य मार्ग पर बना बड़ा गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। यह गड्ढा आए दिन दुर्घटनाओं को संकेत दे रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय ऑटो चालकों का कहना है कि इस गड्ढे में रोज ई–रिक्शा और ऑटो फंस रहे हैं। खासकर रात के समय भारी वाहन भी इसमें फंस जाते हैं, जिससे यातायात बाधित हो जाता है और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। चिंताजनक बात यह है कि यह गड्ढा चौनपुर थाना के ठीक सामने स्थित है, इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों की नजर इस ओर नहीं जा रही है। प्रतिदिन पुलिस वाहन, अधिकारी और चौनपुर प्रखंड के जनप्रतिनिधि इसी रास्ते से गुजरते हैं फिर भी समस्या को अनदेखा किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह सड़क पहले ही पास हो चुकी है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि फिलहाल गड्ढे की मरम्मत ही करा दी जाए, तो दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। बताया गया कि 19 दिसंबर को करीब 12 बजे एक ई–रिक्शा इस गड्ढे में फंस गया, जिससे चालक और सवारियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि जहां एक ओर बिहार सरकार द्वारा बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर इस गंभीर सड़क समस्या पर न तो अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और न ही जनप्रतिनिधि। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस खबर के सामने आने के बाद प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गड्ढे की मरम्मत कराते हैं या फिर आम जनता यूं ही हादसों का शिकार होती रहेगी। बाजार के लोगों और ऑटो चालकों के मन में सिर्फ एक ही सवाल है आखिर यह गड्ढा कब भरेगा?



# बसपा की समीक्षा बैठक संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सदर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम कनवारा मजरा टिकरी हेलुवा डेरा में बहुजन समाज पार्टी के उच्च पदाधिकारियों द्वारा एसआईआर वोटर लिस्ट के संबंध में मंडल प्रभारी की उपस्थिति में गहन समीक्षा बैठक की गई जिसमें बुंदेलखंड प्रभारी बल्देव प्रसाद प्रसाद वर्मा मंडल प्रभारी रामशरण अनुरागी लल्लू प्रसाद निषाद जिला महासचिव एवं जिलाध्यक्ष रामसेवक प्रजापति व विनोद उर्फ बैरागी प्रजापति भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य दीपक कुमार वर्मा विधानसभा प्रभारी जोन इंचार्ज सुखलाल बौद्ध सेक्टर अध्यक्ष लवलेश वर्मा सेक्टर के सभी बीएलए सम्मानित मतदाता उपस्थित रहे। जिसमें सरकार द्वारा एसआईआर कराए जाने के संबंध में जो नाम काटने जोड़ने की प्रक्रिया जारी किए हैं उसके संबंध में सभी लोगो को समझाया तथा प्रशिक्षण दिया कि कैसे नाम कटने से बचाया जाना है। और कैसे जोडवाना है। सभी लोगों ने पार्टी के पदाधिकारियों का धन्यवाद व आभार प्रकट करते हुए सम्मान माला पहनाकर किया। इस मौके पर। सभी सम्मानित बीएलए सहित ग्रामीण मतदाता कुलदीप श्रीवास, अनिल कुमार चौधरी, श्याम बिहारी वर्मा, महेंद्र वर्मा, सुरेष वर्मा अरुण कुमार अनुरागी, सिपाहीलाल, कल्लू वर्मा, गरीब चंद्र अनुरागी, बरुण सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# अज्ञात हमलावरों ने किसान को मारी गोली, हालत गंभीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शुक्रवार की सुबह करीब 5.40 बजे एक सनसनीखेज घटना सामने आई। थाना बदौसा क्षेत्र के गरगपुर गांव निवासी किसान राजाभइया गर्ग 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामसनेही गर्ग पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। घायल किसान अपने निज निवास से बाणा मवेशियों के लिए चारा–भूसा डालने जा रहे थे, तभी यह हमला हुआ। घायल के साले और पत्रकार आत्माराम त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने तत्काल राजाभइया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अतर्रा पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर किया गया है।जहाँ किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ मे सघन इलाज जारी है घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बदौसा मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है। फिलहाल हमले के कारणों का पता नहीं चल सका है। क्षेत्र में तनाव बना हुआ है घटना की सूचना पाते ही बदौसा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की जांच जारी है।



# डीएम ने कर करेत्तर व सीएम डैशबोर्ड के राजस्व कार्यो की ली समीक्षा बैठक

## - लापरवाही पर जिला युवा कल्याण अधिकारी व जिला आयुष आयुर्वेदिक अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कर करेत्तर राजस्व वसूली तथा सीएम डैशबोर्ड पर आधारित राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकर में संपन्न हुई। कर करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष नवंबर माह में व्यापार कर में 53.02 प्रतिशत, स्टांप रजिस्ट्रेशन में 120.97 प्रतिशत, परिवहन कर में 106.79 प्रतिशत, आबकारी में 85.69 प्रतिशत, विद्युत देय में 51.29 प्रतिशत, चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य में 108 प्रतिशत, वन में 40 प्रतिशत, भू राजस्व में 30.33 प्रतिशत की उपलब्धि पाई गई।

जिलाधिकारी ने उन विभागों को जिनकी नवम्बर माह की उपलब्धि बेहद ही कम है,उन्हें निर्देशित किया कि इस माह अपनी उपलब्धि में वृद्धि करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी। सीएम डैशबोर्ड पर आधारित राजस्व कार्यो की समीक्षा के दौरान एम ओ यू मॉनिटरिंग में बी ग्रेड,आबकारी विभाग के उत्पन्न राजस्व बनाम लक्ष्य में सी ग्रेड, मुख्यमंत्री .षक दुर्घटना सहायता योजना में डी ग्रेड, धान खरीद योजना में डी ग्रेड, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 116 कुर्रा बटवारा में सी,धारा 34 नामांतरण में डी, धारा 24 पैमाइश में डी ग्रेड, वसूली प्रमाण पत्र में बी ग्रेड, स्वामित्व डैशबोर्ड में सी ग्रेड, जनसुनवाई में डी तथा सरकारी गैर कर राजस्व समेकित में डी ग्रेड पाई गई। जिलाधिकारी ने धान खरीद में डी ग्रेड पाए जाने पर डिप्टी एआरएमओ को धान क्रय में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री .षक दुर्घटना सहायता योजना में डी ग्रेड पाए जाने पर उन्होंने समस्त उप जिला अधिकारियों को सारी औपचारिकताएं यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए इस योजना से किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार राजस्व संहिता के विभिन्न धाराओं में भी बेहतर प्रदर्शन न होने पर उन्होंने समस्त पीठासीन अधिकारियों को इस माह विशेष प्रयास कर वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। आवश्यक होने पर उन्होंने ग्राम स्तर पर टीम का गठन कर लेखपाल के माध्यम से शीघ्र ही जांच रिपोर्ट मंगवाकर वादों का निस्तारण करने को कहा। इसी प्रकार आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों को भी समय सीमा के अंतर्गत ही जारी रखने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। वर्तमान में विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के लिए संचालित राहत योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को समस्त तहसीलों से समन्वय स्थापित कर जारी आरसी का निपटारा यथा शीघ्र करने को कहा। बैठक के दौरान जिला गन्ना अधिकारी के अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एमओयू मॉनिटरिंग में बी ग्रेड पाए जाने पर उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को उद्यमशील व्यक्तियों को सारी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराते हुए उनके समस्याओं का निस्तारण करने को कहा जिससे जनपद में निवेश की प्रक्रिया आसान बनाई जा सके। आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में डी ग्रेड पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं जिला आयुष आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए,क्योंकि इन अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों में असंतोष जनक फीडबैक शत प्रतिशत के साथ ही गत माह में के पी आई का औसत भी 100: था। इसके अलावा अन्य विभागों को भी जिनमें असंतोष जनक फीडबैक का प्रतिशत ज्यादा था, जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए शिकयतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करते हुए संतोषजनक फीडबैक में वृद्धि करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना की चर्चा करते हुए उन्होंने समस्त अधिकारियों को अपने सरकारी भवनों पर सोलर पैनल लगवाने को कहा। साथ ही पी ओ नेडा को कलेक्ट्रेट एवं तहसील परिसर में कैंप लगाकर कार्य कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी दिनेश मिश्रा, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त नायब तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# पुलिस पर चिन्हित कर चालान का आरोप

## – भाजपा नेता ने सीओ से की निष्पक्ष जांच की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद के सिधौली क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा सिधौली विधानसभा के सोशल मीडिया संयोजक विवेक त्रिवेदी ने कुछ पुलिस कर्मियों पर पक्षपातपूर्ण ढंग से चालान करने का गंभीर आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी सिधौली को शिकायत पत्र सौंपा है।



शिकायती पत्र में विवेक त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि उन्हें जानबूझकर चिन्हित कर अनुचित तरीके से चालान किया जा रहा है, जबकि उनके वाहन सड़क किनारे निर्धारित और वैध स्थानों पर खड़े होते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिन पुलिस कर्मियों द्वारा चालान किए जा रहे हैं वे स्वयं कई बार यातायात नियमों का पालन नहीं करते, जिससे आम जनता में असंतोष और आक्रोश बढ़ रहा है। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार ने बताया कि वर्तमान में धुंध और कोहरे के चलते सड़क हादसों की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में पुलिस नियमानुसार सख्ती से चालान कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे सड़क पर वाहन खड़े न करें, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। साथ ही सीओ ने कहा कि शिकायत की जांच कराई जाएगी और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह होगा कि पुलिस पर लगे इन गंभीर आरोपों की जांच में क्या सच सामने आता है और क्या कार्रवाई होती है।

# महिला अस्पताल के पास चला प्रशासन का बुलडोजर

## – अवैध अतिक्रमण हटाकर मरीजों को मिली राहत, प्रशासन सख्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनहित और स्वास्थ्य सेवाओं को बाधामुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को महमूदाबाद स्थित महिला अस्पताल के आसपास अवैध अतिक्रमण हटाने का सघन अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र में की गई, जिसमें अस्पताल परिसर के समीप किए गए अवैध कब्जों को पूरी तरह हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बाउंड्री तोड़कर कब्जे की मिल रही थीं लगातार शिकायतें प्रशासन को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोगों ने महिला अस्पताल की बाउंड्री क्षतिग्रस्त कर अंदर तक अवैध कब्जा कर लिया है। इससे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और मरीजों, तीमारदारों व स्वास्थ्य कर्मियों को आवागमन में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। भारी पुलिस बल के साथ चला अतिक्रमण हटाओ अभियान निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। अभियान के दौरान एसडीएम के साथ तहसीलदार, नगर पालिका के अधिकारी, क्षेत्राधिकारी (सीओ), पुलिस विभाग के अधिकारी तथा संबंधित लेखपाल मौजूद रहे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। अवैधा दुकानें ध्वस्त, अस्पताल परिसर हुआ सुरक्षित कार्रवाई के दौरान अस्पताल के आसपास बनी अवैधा अस्थाई व स्थाई दुकानों को हटाया गया और क्षतिग्रस्त बाउंड्री को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से



अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया, वहीं स्थानीय लोगों ने राहत की सांस लेते हुए इस पहल का स्वागत किया। अतिक्रमण पर जीरो टॉलरेंस, आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई प्रशासनिक अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि सरकारी भूमि और सार्वजनिक स्थलों पर अवैधा कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर पालिका क्षेत्र में आगे भी इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आमजन से अपील की गई है कि वे स्वयं अतिक्रमण से बचें, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# सीडीओ ने ओटीडी सेल की ली समीक्षा बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में ओटीडी सेल की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वप्रथम जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा ओटीडी सेल से सम्बन्धित जनपद के घरेलू उत्पाद अनुमान के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश की जीडीपी को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने हेतु सभी सम्बन्धित क्षेत्र प्राथमिक (फसलें, पशुधन, वानिकी, मत्स्य, जलीय .षि एवं खनन, आदि), द्वितीयक (विनिर्माण, विद्युत, गैस एवं जल सम्पूर्ति व अन्य सेवायें, निर्माण), तृतीयक (व्यापार परिवहन, वित्तीय सेवाये, लोक प्रशासन, आदि) क्षेत्रों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि जनपद की कुल जिला घरेलू सकल उत्पाद वर्ष 2023–24 में 26913 करोड़ है, जो कि प्रदेश में 32 वें स्थान पर है। जनपद की प्रति व्यक्ति आय रू. 48264 है, जो कि उत्तर प्रदेश की औसत प्रति व्यक्ति आय 93422 से अत्यधिक कम है। प्राथमिक, द्वितीय, तृतीय क्षेत्र में जनपद में लगातार वृद्धि हो रही है। बैठक में .षि विभाग से जुड़े इंडीकेटर्स की ऋणात्मक प्रगति पर निर्देश दिये गये कि अपने प्रगति की पुनः समीक्षा कर संषोधित प्रगति उपलब्ध करायी जाये। सीडीओ द्वारा अवगत कराया गया कि सहकारिता, उद्योग, विद्युत, सोलर ऊर्जा, मण्डी, पर्यटन एवं अन्य महत्वपूर्ण सम्बन्धित विभागों को कार्ययोजना बनाकर विकास करने के निर्देश दिये गये। जिससे कि जनपद का जिला सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर डीएफओ राम सिंह यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासीराम, डीआईओएस सर्वदानन्द, डीडी एग्री विनय कुमार वर्मा, जीएसटी अधिकारी, एलडीएम जितेन्द्र मसंद, उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा, ओटीडी सेल के जिला स्तरीय सदस्यों सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांग बच्चों को वितरित किए उपकरण

## – विधायक ने 194 दिव्यांग विद्यार्थियों को बांटे उपकरण



न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। मीरानपुर कटरा लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में क्षेत्रीय विधायक ने दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क उपकरण वितरित किए। गुरुवार को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में दिव्यांग विद्यार्थियों को निरूशुल्क उपकरण वितरित कैम्प आयोजित किया गया।

कैम्प में एलिम्को कानपुर के सहयोग से परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत 194 दिव्यांग विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के 220 उपकरण उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस, बीएसए दिव्या गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस, बीएसए दिव्या गुप्ता ने दिव्यांग विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर उपकरण वितरित किये। इस दौरान प्रमुख रूप से बीईटो हेमेंद्र सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ लल्ला, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, सभासद सर्वेद अंसारी, सर्वेश कश्यप, सरोज शर्मा, प्रधानाचार्य संजीव सक्सेना, केसरी मिश्रा, अनिल पटेल, वीरेश विश्वकर्मा, सचिन गुप्ता, अर्पण मिश्रा, राजीव सिंह, असीम सक्सेना इत्यादि शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया है कि 17 अक्टूबर को पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 194 विद्यार्थियों का डॉक्टरों की टीम से परीक्षण कराकर रजिस्ट्रेशन कराया गया था। आज सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा अभियान के तहत उपकरण वितरित किए गए हैं। विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने उपकरण वितरित करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। विधायक ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाए।

# डीएम ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक

## – जनवरी से नवंबर माह तक सड़क दुर्घटनाओं में 173 लोगों की मौत
## – डीएम एसपी ने जनपदवासियों से ओवर स्पीडिंग और नशे में गाड़ी न चलाने हेतु की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में सेवा फाउंडेशन द्वारा जनपद में चिन्हित ऐसे स्थलों, जहां पर दो या दो से अधिक मौतें सड़क दुर्घटनाओं के कारण हुई है, उनका सर्वे कर प्रेजेंटेशन किया गया। इस सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इसके उपरांत अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि नवंबर माह में कुल 34 सड़क दुर्घटनाएं हुई है जिनमें 24 लोगों की मृत्यु हुई है, जो गत वर्ष नवंबर माह के सापेक्ष 20: अधिक है। इसी प्रकार इस वर्ष जनवरी माह से नवंबर तक 313 सड़क दुर्घटनाओं में 173 लोगों की मृत्यु हुई है जिनमें पिछले वर्ष के सापेक्ष 4.49 प्रतिशत



दौरान फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण रोड साइनेज, रिलेक्टर, एरो पट्टी, रंबल स्ट्रिप एवं पेंटिंग, पटरी का अभाव, लिंकिंग रोड पर ब्रेकर एवं लिंक रोड के स्थानों पर टी का साइनेज ना होना प्रमुख है। इसके अलावा नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों के कारण भी की वृद्धि पाई गई है। गत वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में हुई ज्यादा मृत्यु के .ष्टिगत गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों से ओवर स्पीडिंग से बचने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक श्री इलमारन ने भी जनपद वासियों से यातायात के नियमों का पालन करने तथा वर्तमान में घने कोहरे एवं धुन्ध के कारण धीमी गति से वाहन चलाने की अपील की जिससे सड़क दुर्घटनाओं के साथ ही उनमें होने वाली मृत्यु को भी काम किया जा सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सेवा फाउंडेशन द्वारा सुझाए गए उपायो पर विस्तृत चर्चा करते हुए समस्त संबंधित कार्यदाई संस्थाओं एवं अधिकारियों को एक हते के अंदर पूरी कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने तथा शीघ्र ही आवश्यक कार्यों को कल से ही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी को स्कूल में बच्चों को यातायात की नियमों की जानकारी देते हुए उनके अभिभावकों को भी जागरूक करने को कहा। उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को इस संबंधा में सभी संबंधित विभागों को उनके पॉइंट्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिससे संबंधित विभाग एवं कार्यदाई संस्थाएं तत्काल फाउंडेशन द्वारा दिए गए सुझाव पर कार्य प्रारंभ कर सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों का चालान एवं सीज करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ करने को कहा जिससे अवैध रूप से भारी वाहन सड़कों पर ना खड़े रहें एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने गत माह परिवहन एवं यातायात पुलिस द्वारा ओवर स्पीडिंग, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, बिना सीट बेल्ट, रॉन्ग साइड, ड्रंकन ड्राइव, वाहन चलाते समय मोबाइल के प्रयोग, ओवरलोडिंग माल वाहनों आदि के विरुद्ध की गई प्रवर्तन कार्यों की भी विस्तृत जानकारी दी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के अलावा राष्ट्रीय राजमार्गों के जनपद प्रतिनिधि, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण एवं प्रांतीय खंड, एआरटीओ, जिला आबकारी अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# हिन्दी सेवा निधि अधिवेशन को लेकर एसएसपी ने किया ब्रीफ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन इटावा में जाकर हिन्दी सेवा निधि वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम हेतु जनपदीय एवं अन्य जनपदों से आये पुलिस बल को ब्रीफ कर ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। हिन्दी सेवा निधि का तैंतीसवाँ वार्षिक अधिवेशन एवं हिन्दी सेवी सम्मान



समारोह इस्लामिया इण्टर कॉलेज प्रांगण, थाना कोतवाली क्षेत्र में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश, भारत, उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली, सूर्यकान्त का आगमन प्रस्तावित है। कार्यक्रम की गरिमा एवं वीवीआईपी आगमन को .ष्टिगत रखते हुए व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबन्ध सुनिश्चित किए गए हैं जिसके सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में जाकर जनपदीय एवं अन्य जनपदों से आये पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान एसएसपी द्वारा कहा गया कि शान्ति, कानून–व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु समुचित पुलिस बल, दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों के साथ मुस्तैद रहेगा। कार्यक्रम के दौरान आने–जाने वाले मार्गों पर भी यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु विशेष प्रबन्ध किए गए हैं। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्धा गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस कर्मी अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस कार्यक्रम को शान्तिपूर्ण, सुरक्षित एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# कांग्रेसियों ने पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला व ठाकुर रोशन की मनाई पुण्यतिथि

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मां भारती के वीर सपूत काकोरी एक्शन ट्रेन के महानायक पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, ठाकुर रोशन सिंह जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में जिला कांग्रेस कार्यालय स्टेशन रोड में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में वीर सपूतों के चित्रों पर




माल्यार्पण कर मनाई गई।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने उनके व्यक्तित्व व .तित्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि भारत माता के तीनों लाल उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर में जन्में ब्रिटिश हुकूमत की कार्यशैली से अत्याधिक दुखी होकर शस्त्र मुहैया होने पर कानपुर के निकट काकोरी में पहुंचकर अंग्रेजों द्वारा ट्रेन से भेजा जा रहे खजाने को लूटा और उससे सक्रिय क्रांतिकारियों को शस्त्र मुहैया कराने का काम किया गया, ब्रिटिश सरकार ने इनकी गिरतारी के लिए जगह जगह छापा मारा गया और इनकी गिरतारी की गई, प्रदेश के विभिन्न जिलों में बन्द मां भारती के वीर सपूतों को फांसी दे दी गई, ऐसे क्रांतिवीरों का राष्ट्र सदैव श्रणी रहेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कार्यालय मंत्री शिवबली सिंह ने कहा कि ऐसे ही क्रांतिकारियों के त्याग और बलिदान के बदौलत आज प्रत्येक देशवासी खुली हवा में सांस ले रहा है, हमारा दायित्व बनता है कि हम उनके सपनों का भारत बनाने के लिए सदैव तत्पर रहें। इस अवसर पर जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, राजबहादुर गुप्ता, केपी सेन, शब्बीर सौदागर, बलबीर सिंह, नाथूराम सेन, सुखदेव गांधी, मेंहदी हसन आदि प्रमुख कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# एसआईआर को लेकर भाजपा ने मधुवन में की बैठक

## – बड़ी संख्या में नाम कटने को लेकर जताई चिंता

न्यूज वाणी ब्यूरो

मधुबन, मऊ। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के निमित्त भाजपा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा मधुबन के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। बैठक में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में बड़ी संख्या में मतदाताओं द्वारा फॉर्म न जमा किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि इस समय भाजपा की केंद्र व प्रदेश में दोनों जगह सरकार है और भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सर्व समाज को मिल रहा है। भाजपा की सरकार के कारण कानून व्यवस्था सु.ढ़ हुई है और गरीबों के हित में तमाम कल्याणकारी योजनाओं के कारण सभी का जीवन स्तर सुधरा है जल्द ही भाजपा भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने वाली है। इन तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण भाजपा की लोकप्रियता हर जगह, हर समाज, हर वर्ग में बढ़ रही है चाहे वह शहर हो, गांव–देहात हो या छोटे कस्बे हो और मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान में किसी भी कारण से यदि वास्तविक मतदाताओं का नाम छूट जाता है या कट जाता है तो भाजपा की बड़ी हानि होगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आवाहन करते हुए कहा कि अपने बूथों पर बीएलओ से मिलकर मतदाता सूची का अवलोकन करें और किसी भी त्रुटिवस मतदाता के उपस्थित रहने के बावजूद उनका फॉर्म ना भरे जाने के कारण नाम कट गया हो तो फार्म भरवा कर मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वा लें। बैठक को जिलाध्यक्ष भाजपा रामाश्रय मौर्य, प्रवीण गुप्ता, दुर्गविजय राय ने भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता फतहपुर मंडाव के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीणकुंवर सिंह व संचालन जिला संयोजक आईटी विभाग अमित गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सूरज प्रकाश श्रीवास्तव (पूर्व जिलाध्यक्ष आजमगढ़), राष्ट्रकुंवर सिंह, सचिंद्र सिंह, शिवदेनी उर्फ साधू, राधेश्याम सिंह, भरत भैया, अभिषेक सिंह, प्रशांत गुप्ता, नीतीश तिवारी, आजाद जायसवाल, सूर्यभान राजभर, हरिओम शर्मा, आलोक राय, रामआशीष पटेल, रतन गुप्ता, राहुल दीक्षित, महाप्रसाद गुप्ता,



पूजा राय, राजकुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते हैं एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लौकिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद | हाजी खलील अहमद जाफरी | एफ.ए.जाफरी
जी.टी. रोड, फतेहपुर | सम्पादक कारवाने हक | D.R. (Opt.)
MBBS, (H) P.M.P | 9415065213 | 7379440876

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम नें सौंपी 55 हजार की चेक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज में टीचर्स सेल्फ केयर टीम नें शिक्षकों की बेटियों की शादी के लिए 55 हजार के चेक दिए। यह योजना मृतक शिक्षकों के परिवार कों मदद देने के साथ–साथ ही अब शिक्षकों की बेटियों की शादी में शगुन के तौर पर परिजनों कों कन्यादान के उपलक्ष्य पर सौंपा गया। कन्यादान (शगुन) चेक वितरण एवं श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि बीईओ नवाबगंज राधेश्याम वर्मा एवं जिला सह संयोजक प्रदीप वर्मा,जिला प्रवक्ता डीडी पटेल,मो0 हासिम,मिथलेश गुप्ता नें



सर्वप्रथम माँ सरस्वती देवी के चित्र पर माल्यार्पण व दीपप्रज्ज्वलन के साथ की गई। ब्लॉक संयोजक अमित यादव नें बताया कि इस योजना के तहत ब्लॉक नवाबगंज के शिक्षक गणेश प्रसाद सोनी की बेटी की शादी के लिए 55 हजार रूपये का शगुन के तौर पर चेक प्रदान किया गया।उन्होंने बताया कि ब्लॉक नवाबगंज में दिवंगत साथी उच्च प्राथमिक विद्यालय जिगरिया में कार्यरत शिक्षा मित्र छविनाथ शर्मा व प्राथमिक विद्यालय बुद्धिगांव कमलेश कुमार के सहयोग हेतु प्रक्रिया गतिमान है। कार्यक्रम का संचालन सजल मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रवक्ता शैलेन्द्र कुमार, विनोद गिरि, सरोज कुमार, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, युगुल किशोर वर्मा, अरविन्द कुमार वर्मा, जीतेन्द्र शर्मा, सुग्रीव वर्मा, नवनीत प्रेमी, रमेश सोनकर, वैभव सिंह, पवन कुमार, सुमित शुक्ला, अपर्णा सक्सेना, पूजा कुमारी, अजय मिश्रा, विनोद सरोज उपस्थित रहे।

# मनरेगा के नए बिल विकसित भारत ग्राम जी बिल वापस लेने की उठी मांग

## - खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। संगतिन किसान मजदूर संगठन के आह्वान पर ब्लाक मिश्रिख, मछरेहटा, गोंदलामऊ, पिसावां, महोली, एलिया, हरगांव, खैराबाद के सैकड़ो गांव के मजदूर साथियों ने नए बिल विकसित भारत– गारंटी फार रोजगार आजिविका मिशन ग्रामीण की वापसी की मांग के साथ जोरदार जनसभा कर रैली निकाली। कुहरे से भरे दिन में मजदूर साथियों का जोश देखते बनता था। वह दुखी हैं क्योंकि पिछले 20 बरसोंमेंमनरेगा ने उनकी जिन्दगियां बदल दीं। कितनी विधवा या अकेली महिलाएं या बूढ़े बुजुर्ग हों उन्होंने हक के साथ मनरेगा में काम किया। चाहे कोई शारीरिक रुप से कितना ही कमजोर क्यों न हो? चाहे किसी महिला के गोद में बच्चा ही क्यों न रहा हो, सबने सबका साथ दिया और



मिलजुलकर काम किया। आपस मेंदोस्तियां बनी और जिन्दगी बेहतर चलने लगी। यह नया बिल मजदूर साथियों को फिर से पुराने हालात में पहुंचा देगा जहां उनको काम हक के रुप में नहीं मिलेगा। जनसभा के दौरान सभी जगह मजदूर साथियों ने अपनी बात रखी। उनका कहना था कि विकसित भारत– ग्राम जी बिल ऐसे कितने ही गांवों को काम से वंचित कर सकता है, यह कहते हुए कि यह शहर के नजदीक है या यहां काम नहीं है, या कोई भी कारण निकालकर योजना के लिस्ट से बाहर निकाल सकते हैं क्योंकि कहां काम चलेगा? यह तय करने का अधिकार केन्द्र सरकार के पास है। जबकि पहले यह अधिकार ग्राम पंचायत और ग्राम सभा के पास था। एक और बात उठी कि सरकार 125 दिन काम देने की बात कह रही है लेकिन अगर देखे तो पिछले वर्ष लगभग 7 प्रतिशत लोगों को ही पूरा काम मिल पाया। बाकी काम का औसत लगभग 50 दिन रहा। जब अभी तक 100 दिन काम सभी को नहीं मुहैया हो पाया तो 125 दिन एक भ्रमजाल नहीं तो और क्या है? ढेरों मजदूर साथियों ने कहा कि मनरेगा में 100 दिन काम की गारंटी थी लेकिन इस बिल में 60 दिन काम नहीं मिलने की गारंटी जरुर है। मिश्रिख ब्लाक में रैली शुरु होने के साथ ही बीडीओ रैली शुरु होने वाली जगह पर ही ज्ञापन लेने पहुंच गये। ज्ञापन देने के बाद मजदूर साथी नहर चौराहा होते हुए तहसील मिश्रिख के सामने स्थित बाबा साहब की प्रतिमा तक पहुंचे और उनको याद कर संघर्ष के लिए प्रेरणा ली। पिसावां ब्लाक में निरीक्षण भवन से शुरु होकर रैली पिसावां चौराहा होते हुए ब्लाक कार्यालय पहुंची। हरगांव ब्लाक में तीरथ से रैली निकलकर ब्लाक कार्यालय पहुंची। खैराबाद में बीके ढाबा से ब्लाक तक रैली निकली। मछरेहटा चित्राणी मंदिर से निकलकर मछरेहटा चौराहा होते हुए ब्लाक तक पहुंची। यहां ब्लाक के अंदर नहीं जाने दिया गया। ब्लाक के गेट पर ही ज्ञापन लिया गया। साथियों ने मजदूरों ने नये बिल की प्रतियां भी जलाई। महोली में खेरु बाबा के बाग से ब्लाक तक, एलिया में फरकपुर पेट्रोल पम्प से ब्लाक रैली पहुंची। बीडीओ की अनुपस्थिति मेंएडीओ ने ज्ञापन लिया। एलिया चौराहा पर बिल की प्रतियां जलाई गयी। गोंदलामऊ में मिश्रिख सिधौली मार्ग पर स्थित सरवा गांव से निकलकर ब्लाक कार्यालय तक पहुंची। खैराबाद, गोंदलामऊ, महोली और पिसावां में सभी जगह बिल की प्रतियां जलाई गयी। सभी ब्लाक में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। मनरेगा हमारा है, इसे हमने लड़कर हासिल किया था, यह हमारा हक है। हमारा संविधान रोजगार का हक हमें देता है। हमें मनरेगा योजना के रुप में नहीं बल्कि अपने पुराने स्वरुप में हक के रुप में ही चाहिए। संगतिन किसान मजदूर संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मनरेगा के नए बिल को वापस लेकर मजदूरों के हित में पुराने स्वरूप में मनरेगा नहीं चलाया गया, तो आंदोलन और व्यापक होगा। सभी ब्लाक में लगभग 200 साथी उपस्थित रहें। जसना, रामबेटी, रामदेवी, बृजरानी, सुदामा, कमला, शांति, सीता, कलावती, लक्ष्मी, नीतू, शालिनी, किरन, सुनीता, मिथिलेश, कुंती, केशकली, शिवप्यारी, सरोजनी, रोशन, किरन, सुशीला, जमुना, बिटोली, विद्या, राधा, राजश्री, जगरानी आदि रहीं।

# हाईवे पर खड़े यात्री, बस स्टॉप नहीं

## - अटरिया की अनदेखी पर भारी पड़ रही विकास की रफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। अटरिया नेशनल हाईवे किनारे बसे गांव अब कस्बों का रूप ले रहे हैं। बाजार बढ़ रहे हैं, आबादी और आवाजाही मेंभी लगातार इजाफा हो रहा है। बावजूद इसके अटरिया क्षेत्र के लोगों को आज भी बुनियादी यात्री सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। सिधौली तहसील मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर अटरिया–बंडा नेशनल हाईवे के आसपास बसे दर्जनों गांवों के लोग रोजाना लखनऊ, सीतापुर, हरदोई और बाराबंकी तक की यात्रा करते हैं। अटरिया मऊ, शीतलपुरवा, बहादुरपुर, गंगापुर, गनेरा, नयागांव, रनुवा पारा, गुलरिया, रघुनाथपुर, मदनापुर, फरीदपुर, लहूरीवान, रिवान कला पश्चिम और तराई क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण प्रतिदिन अटरिया पहुंचकर बस का इंतजार करते हैं। हाईवे बनने के बाद उम्मीद थी कि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, लेकिन आज भी हालात जस के तस हैं। न तो पुख्ता बस अड्डा है और न ही कोई शेड। यात्री चिलचिलाती धूप और बारिश में सड़क किनारे खड़े होकर घंटों वाहनों का इंतजार करने को मजबूर हैं। मजबूरी में लोगों को प्राइवेट बसों और डग्गामार वाहनों से महंगे



किराए पर सफर करना पड़ता है। क्षेत्र में रोडवेज बसों का आवागमन तो होता है, लेकिन उनकी कोई तय समय–सारणी न होने से यात्रियों को इसका लाभ नहीं मिल पाता। ट्रेनों की संख्या सीमित होने के कारण सरकारी बसें ही आवागमन का मुख्य साधन हैं लेकिन बस स्टॉप न होने से परेशानी और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार अटरिया में बस स्टॉप और वाहन अड्डा बनाने का प्रस्ताव दो बार शासन को भेजा जा चुका है। बसपा शासनकाल में भी प्रयास हुए, लेकिन भूमि उपलब्ध न होने के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया। समाजसेवियों का कहना है कि लखनऊ की सीमा से सटे इस क्षेत्र में प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन होता है, फिर भी बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी समझ से परे है। यदि अटरिया चौराहे पर रोडवेज बस स्टॉप और यात्री शेड बना दिया जाए, तो क्षेत्र की बड़ी आबादी को राहत मिल सकती है। अब सवाल यह है कि बढ़ते कस्बे के साथ सुविधाएं कब बढ़ेंगी और अटरिया के यात्रियों को हाईवे किनारे खड़े रहने की मजबूरी से कब निजात मिलेगी?

# मनरेगा से गांधी नाम हटाने का आरोप, कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

## - भाजपा कार्यालय घेराव की कोशिश, पुलिस से झड़प

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के आरोप को लेकर गुरुवार दोपहर कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतर आई। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त आह्वान पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार पर संविधान, लोकतंत्र और गरीबों के अधिकारों पर हमला करने का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा के नेतृत्व मेंकांग्रेस कार्यालय से पैदल मार्च निकाला गया। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय के घेराव के लिए आगे बढ़े, लेकिन लालबाग चौराहे के पास पुलिस प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर जुलूस को रोक लिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का–मुक्की भी हुई, जिससे कुछ देर तक तनाव का माहौल बना रहा। मनरेगा सिर्फ योजना नहीं, गांधी के विचारों की पहचान प्रदर्शन को संबोधित करते हुए डॉ. ममता वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम मनरेगा से जुड़ा होना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि यह ग्रामीण गरीबों, मजदूरोंऔर वंचितों के अधिकार, सम्मान और स्वावलंबन का प्रतीक है। भाजपा सरकार इस पहचान को मिटाने की कोशिश कर रही है, जिसे कांग्रेस कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का राजनीतिक दुरुपयोग कर रही है और सोनिया गांधी व राहुल गांधी को झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है। संविधान और संस्थाओंपर हमला शहर अध्यक्ष शिशिर वाजपेई ने कहा कि मौजूदा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। पुलिस प्रशासन का रवैया भी दुर्भाग्यपूर्ण रहा। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि आने वाला समय कांग्रेस का है और जनता सरकार की नीतियों का जवाब देगी। पृष्ठभूमि में क्या है विवाद? मनरेगा की शुरुआत वर्ष 2005 में यूपीए सरकार के दौरान हुई थी और इसका नाम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर रखा गया, ताकि ग्रामीण भारत मेंरोजगार, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को मजबूती मिल सके। हाल के दिनों में योजना के नाम, ब्रांडिंग और दस्तावेजों को लेकर राजनीतिक विवाद सामने आया है, जिसे लेकर विपक्ष केंद्र सरकार पर गांधी की विरासत को कमजोर करने का आरोप लगा रहा है। प्रदर्शन में रहे ये प्रमुख चेहरे इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश निषाद, उत्कर्ष अवस्थी, विनीत दीक्षित, संतोष भार्गव, धीरेश कश्यप, प्रदीप सिंह चौहान, राजेश सिंह तोमर, संजय कुमार चोक्ष, रजनीश कुमार मिश्रा, अमर मेहरोत्रा, दीपा वैश्य, कमल रावत, जितेंद्र शुक्ला, रिजवान खान, इमरान अली, शबनम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। राजनीतिक संकेत इस प्रदर्शन ने साफ कर दिया है कि मनरेगा और गांधी के नाम को लेकर राजनीतिक टकराव आने वाले दिनों



में और तेज हो सकता है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने अपना रुख नहीं बदला, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# छाउछ में आकार ले रहा 300 क्षमता का ऑडिटोरियम, सीडीओ ने परखी गुणवत्ता

## - 6.31 करोड़ की परियोजना, यूपी-सिडको को जिम्मेदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जिले की बहुप्रतीक्षित सुविधा अब जल्द ही साकार होने जा रही है। छाउछ स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में निर्माणाधीन 300 सीट क्षमता वाला आधुनिक ऑडिटोरियम तेजी से आकार ले रहा है। जिला मुख्यालय पर ओपन ऑडिटोरियम के अतिरिक्त, ऐसा अत्याधुनिक और 300 क्षमता वाला ऑडिटोरियम कोई भी नहीं है, इसलिए यह परियोजना जनपद वासियों के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे सीडीओ अभिषेक कुमार ने डाइनिंग हॉल, ऑडिटोरियम–कम–कॉमन हॉल, स्टाफ रूम और आवासीय भवनों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं होगा, और सभी निर्माण सामग्री मानक के अनुरूप होनी चाहिए।



परियोजना को 30 अगस्त 2024 को स्वी.ति मिली थी, जिसकी कुल लागत 6.31 करोड़ रुपये है। निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम लिमिटेड (यूपी–सिडको) द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि 18 34 मीटर क्षेत्रफल में ऑडिटोरियम हॉल तैयार किया जा रहा है, जिसमें 300 लोगों के बैठने की क्षमता वाले आकर्षक स्टेज का निर्माण शामिल है। इसके बगल में स्टाफ रूम और आठ टाइप–2 आवास का निर्माण कार्य भी तेजी पर है। सीडीओ ने निर्देश दिए कि निर्माण में तेजी लायी जाए और परियोजना समयसीमा के भीतर पूरी हो। उनका कहना है कि इस ऑडिटोरियम के बन जाने से जिले में शैक्षिक, सांस्.तिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए नया मंच तैयार होगा और छात्रों को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

# कलेक्ट्रेट सभागार दबरई में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार सिविल लाइन दबरई में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अपर जिलाधिकारी वि/रा विशु राजा



की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव नृपेंद्र सिंह अधिशासी अभियन्ता एवं सह सचिव एससी यादव एआरटीओ द्वारा संचालन किया गया। जिसमें निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस वे एवं अन्य मार्गों पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु एवं सुगम यातायात हेतु आवश्यक उपाय कियें जायें जिससे कि कोहरे के मौसम में मथुरा जैसी दुर्घटनायें होने से रोका जा सके। बैठक में शहर में चौराहों पर अतिक्रमण हटाने एवं ई–रिक्शा से होने वाली समस्याओं के निराकरण पर मंथन किया गया एवं यातायात के नियमों के पालन कराने हेतु सम्बन्धित विभागों की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गयी। बैठक मे अतर सिंह, अधिशासी अभियन्ता, वीपी सिंह अधिशासी अभियन्ता, लो०नि०वि०, पीके वर्मा डिप्टी सी०एम०ओ, आशीष शुक्ला अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, तेजस त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी यातायात, मनोज कुमार, सहायक अभियन्ता लो०नि०वि०, राधामोहन द्विवेदी यूपीडा, संजय गिरी, एन०एच०ए०आई० आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# काशी में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद की प्रतिभाएं सम्मानित



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश सरकार की सहायता से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 53 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी के चार दिवसीय कार्यक्रम का समापन पीएमश्री राजकीय क्वीनस इंटर कॉलेज, वाराणसी में हुआ। जिसमें श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन, जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान की प्रशिक्षु यामिनी, .षक इंटर कॉलेज, पचोखरा के छात्र राजीव कुमार, तिलक विद्यालय इंटर कॉलेज के आयुष शर्मा, श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के छात्र .ष्णा, आरआरएम इंटर कॉलेज बछगॉव के छात्र मोहम्मद कैश, राष्ट्रीय श्रमिक इंटर कॉलेज, करबला की छात्रा कु अनन्या एवं आर के इंटर कॉलेज, कोटला की छात्रा कु रागिनी को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एवं राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान के पदाधिकारियों, जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी आदि के द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। इन सभी प्रतिभागियों ने जनपद एवं मण्डल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। अश्वनी कुमार जैन ने समस्त अतिथियों, समस्त जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, आगरा मण्डल के संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, मीडिया बंधुओं, सुनील कुमार जैन, राजकुमार, गौरव बघेल, अजीत कुमार, प्रियंका एवं समस्त साथियों का आभार व्यक्त किया।

# एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की ली सलामी

## - शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस कर्मियों को लगवाई दौड़

## - अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु टोलीवार ड्रिल की करायी कार्यवाही



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड़ की सलामी ग्रहण की गयी तत्पश्चात एसएसपी द्वारा परेड़ मेंउपस्थित कर्मचारीगण का टर्न आउट चेक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की टोलीवार कार्यवाही करवाई गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिये दौड़ व शारीरिक प्रशिक्षण कवायद की सम्पूर्ण कार्यवाही कराई गयी। परेड़ के पश्चात एसएसपी द्वारा आरटीसी बैरकों, भोजनालय एवं पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं परिवहन शाखा, रेडियो शाखा, बैरक, भोजनालय, कैंटीन, आटा चक्की, लाइब्रेरी, आरटीसी कम्प्यूटर लैब, क्वार्टर गार्द, आर्म्स वर्क शॉप, स्टोर, डीएफएमडी कक्ष, कैश कार्यालय आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड़ के दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# इकदिल में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना इकदिल पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा इकदिल मेंजाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूक किया गया। इस दौरान पंपलेट वितरण करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता के विषय मेंजानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोग आने वाले हेल्पलाइन नंबरोंतथा साइबर अपराध से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को यह जानकारी दी गई कि किसी भी आपात स्थिति में सही नंबर पर तुरंत संपर्क करना अत्यंत आवश्यक है। पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा व एंबुलेंस के लिए 102 व 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन



1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 के बारे में विस्तार से समझाया गया और यह भी बताया गया कि किस स्थिति में कौन सा नंबर उपयोगी है। इसके साथ ही महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शामिल हैं। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है, छात्र छात्राओं को पढ़ाई को हमेशा प्राथमिकता देनी चाहिए और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाना चाहिए, साथ ही हेल्पलाइन नंबरोंऔर योजनाओंसे संबंधित जानकारी अपने परिवार, रिश्तेदारों व मित्रों के साथ साझा करने की अपील की गई।

# रिजर्व पुलिस लाइन में तीन दिवसीय हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। रिजर्व पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में हार्टफुलनेस संस्था के तत्वावधान में तीन दिवसीय परिचयात्मक ध्यान सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह सत्र पुलिस कर्मियों के मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को



सु.ढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक दक्षता एवं सकारात्मकता के साथ कर सकें। हार्टफुलनेस संस्था द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय परिचयात्मक ध्यान सत्र का संचालन प्रशिक्षकों डॉ. रक्षा सिंह, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, अमरीश कुमार एवं सर्वेश कुमार द्वारा किया गया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को ध्यान की मूलभूत तकनीकों से अवगत कराया गया तथा दैनिक जीवन मेंध्यान को अपनाने के व्यावहारिक लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित ध्यान अभ्यास से तनाव में कमी, मानसिक शांति, एकाग्रता में वृद्धि, संतुलित दिनचर्या तथा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार होता है। इसके माध्यम से पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता में उत्.ष्ठता आती है और वे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर रात्रि 8 बजे व्यक्तिगत रूप से यूट्यूब लिंक के माध्यम से जुड़कर सामूहिक ध्यान में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी ने ध्यान को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन पुलिस बल के मानसिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे न केवल व्यक्तिगत जीवन बल्कि सेवा कार्य में भी सकारात्मक परिवर्तन अपेक्षित है।

# नागरिक कल्याण के अंतर्गत कौशल विकास परीक्षण का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षणों का शुभारम्भ कैलाश चंद रमोला,



कमांडेंट 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के मार्गदर्शन में वाहिनी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को सशक्त बनाने हेतु दो महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया गया। प्रथम कार्यक्रम के अंतर्गत वाइब्रेंट विलेज बलाईगांव में 40 युवक एवं युवतियों के लिए बेसिक कंप्यूटर कोर्स प्रारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य डिजिटल साक्षरता बढ़ाना तथा युवाओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़ना है। द्वितीय कार्यक्रम के अंतर्गत वाइब्रेंट विलेज लौकाही में 15 युवकों के लिए इलेक्ट्रिशियन कोर्स का शुभारम्भ किया गया जिससे प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी दक्षता प्राप्त कर स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को रोजगार हेतु कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। यह पहल न केवल युवाओं की आजीविका सु.ढ़ करने में सहायक होगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र सामाजिक–आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के सफल शुभारम्भ पर प्रशिक्षणार्थी युवक एवं युवतियों ने सशस्त्र सीमा बल द्वारा की गई इस जनकल्याणकारी पहल के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विज्ञान पुतुल महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत कटपुतली कार्यक्रम का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एंड एडवांस स्टडीज एवं राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी संचार परिषद विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित लोकमीडिया और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से वैज्ञानिक सोच को बढावा देने के लिए सार्वजनिक आउटरिच कार्यक्रम के अन्तर्गत नवाबगंज ब्लॉक के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में कटपुतली के माध्यम से बच्चों को शिक्षाप्रद व मनोरंजक कार्यक्रम नारायन श्रीवास्तव (कठपुतली विशेषज्ञ) व उनके सहयोगी द्वारा प्रस्तुत किए गये। ब्लाक नवाबगंज खण्ड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में सुशील कुमार पोरवाल ने प्रत्येक विद्यालय में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल व रोचक ढंग से प्रस्तुत करवाया। इसी क्रम मे प्राथमिक विद्यालय विसम्भरपुर, धौकलपुरवा, रहीमनगर, पल्टनपुरवा, कम्पोजिट विद्यालय जलालपुर, कम्पोजिट विद्यालय बाबागंज प्रथम में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबागंज द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय बाबागंज प्रथम के समस्त स्टाफ व बच्चों ने बड़े ध्यान से कार्यक्रम को देखा और सराहा। बच्चों को बहुत आनंद मिला। उक्त कार्यक्रम में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका शाहीन अंजुम, मोहम्मद सलीम, एजाज अहमद, हुस्ना बेगम, रशीदा खातून, रिन्कू गुप्ता, राजीव सिंह, अरविंद कुमार सिंह, कैलाश, अरुण कुमार, नरेन्द्रपाल गौतम, सेजह सिंह



आदि अध्यापको व स्टॉफ ने कार्यक्रम में बड़े उत्साह से सहयोग किया।

# गोदाम में लगी आग, चार लाख की मूंगफली खाक

## – पीड़ित ने अज्ञात लोगों पर आग लगाने का लगाया आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गोदाम में रखी मूंगफली के बोरों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से लाखों रुपए कीमत का मूंगफली जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड टीम के मदद से आग पर काबू पाया। पीड़ित व्यापारी ने अज्ञात लोगों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। मलवां थाना क्षेत्र के वाहिदपुर गांव में मूंगफली व्यापारी विष्णु गुप्ता के गोदाम में गुरुवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से गोदाम में 50 बोरी में रखी मूंगफली जलकर खाक हो गई। आग लगने के सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पीड़ित व्यापारी विष्णु गुप्ता ने आरोप लगाया कि बीती गुरुवार के शाम को पुत्र आर्यन अन्य व्यापारियों से पैसा लेने जा रहा था तभी अज्ञात लोगों ने रोककर मारपीट किया था। जिसकी सूचना डायल 112 में करने पर पहुंची पुलिस को कार का नंबर तक दिया गया था लेकिन थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह आने के लिए कहा था। रात में करीब ढाई बजे के आस पास गोदाम में आग लगी देखकर फायर ब्रिगेड टीम और पुलिस को सूचना दिया गया है। गोदाम में किसी ने आग लगाया है। आग से करीब चार लाख रुपए कीमत की मूंगफली जल गया है। इस मामले में थाना प्रभारी राज किशोर ने बताया कि रात में आग लगने के सूचना पर मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड टीम के मदद आग पर काबू पाया गया। इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी है। अगर तहरीर दी जाती है तो जांच के बाद आगे की कार्यवाही होगी।



# फांसी लगा युवक ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के तेजानगर में शुक्रवार की दोपहर 22 वर्षीय युवक ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार स्व0 रामसागर का पुत्र सूरज ने शुक्रवार की दोपहर उस वक्त घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब घर के सभी लोग अपने–अपने काम में लगे थे। जैसे ही घटना की जानकारी लगी तो परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के बड़े भाई दीपक ने बताया कि उसका भाई बकेवर थाना क्षेत्र के सकूरा गांव में बतासे की दुकान लगाता था। उसके भाई की गोदभाराई हो चुकी थी। जेठ बैसाख के बाद शादी होनी थी।

# अंतिम संस्कार से लौट रहे अधेड़ की संदिग्ध मौत

## – मृतक के साले ने अनहोनी घटना होने का जताया शक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के त्रिलोकीपुर के समीप अंतिम संस्कार से घर वापस लौट रहे 55 वर्षीय अधेड संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे गिरकर अचेत हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। मृतक के साले ने अनहोनी घटना होने का शक जताया है। जानकारी के अनुसार बड़नपुर गांव निवासी बदलू रैदास का पुत्र छेददू रैदास डीघ गांव अंतिम संस्कार में गया था। वापस लौटते समय जब वह त्रिलोकीपुर गांव के पास पहुंचा तभी अचानक रोड़ किनारे गिर कर अचेत हो गया। कुछ ही समय में वहां लोगो की भीड़ जमा हो गयी। कुछ लोगो ने छेद्दू को पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दे दिया। जिस पर घर वाले से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। जहां पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के साले व परिजनों ने घटना को अप्रिय घटना होने की आशंका व्यक्त की। साले ने बताया कि उसके जीजा डीघ गांव से अंतिम संस्कार से घर लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ जबकि वह पूरी तरह से स्वास्थ थे। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

# नितीश के खिलाफ एआईएमआईएम ने किया प्रदर्शन

## – महिला का हिजाब खींचने के मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिहार प्रांत में प्रमाण पत्र वितरण के दौरान मुख्यमंत्री नितीश कुमार द्वारा एक महिला का हिजाब खींचे जाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को आल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लेमीन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष मोहीउद्दीन एडवोकेट की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार समेत उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद व गिरीराज सिंह के खिलाफ प्रदर्शन किया तत्पश्चात राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपकर कहा कि बिहार प्रांत में प्रमाण पत्र वितरण के दौरान मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने डा. नुसरत परवीन का हिजाब खींचा। यह एक बेहद शर्मनाक हरकत है। उनके इस कृत्य पर संजय निषाद व गिरिराज सिंह द्वारा उनकी तईद करना पूरे देश की महिलाओं का अपमान है। देश की संस्कृति पर कुठाराघात है। बिहार नवादा में अतर हुसैन की माब्लिंचिंग भी बड़ी शर्मनाक है। मांग किया कि ऐसे नेताओं के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। जिससे कहीं भी धर्म जाति के आधार पर माब्लिचिंग करने पर सख्त कार्रवाई का आदेश दिया जाए। इस मौके पर कासिम सिद्दीकी, मो0 निजाम उद्दीन, जैनुल आब्दीन, आमिर अली, नौशाद फैसल, बेलाल खान, मो0 आरिफ, अताउल्ला, मो0 साजिद, मो0 अहमद भी मौजूद रहे।



# अन्नदाता को नहीं मिल रही खाद, होगा घेराव : अमर सिंह

## - किसान मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिन्दकी, फतेहपुर। किसान मजदूर मोर्चा की बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में यूरिया के खाद का बहुत संकट है। एक एक बोरी यूरिया खाद के लिए भीषण ठंड में सुबह से लेकर शाम तक किसान परेशान होता है और इसके बावजूद भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह से फेल साबित हो रही है। यही हाल रहा तो किसान मजदूर मोर्चा सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने का काम करेगा। कस्बे के ललौली चौराहे के समीप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में स्थित किसान मजदूर मोर्चा के कार्यालय में संगठन की एक बैठक शुक्रवार को हुई। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर सिंह पटेल ने षिरकत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में अन्नदाता को यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। इफको किसान सेवा केंद्र में इसके अलावा सहकारी समितियों में अन्नदाता व गांव की महिलाएं इस कोहरे भरी कड़कती ठंड में भोर पहर से लाइन लगाकर खड़े हो जाते हैं और अंधेरा होने तक खड़े रहते हैं। इसके बावजूद अधिकतर किसान को एक बोरी यूरिया खाद तक नहीं मिल पाती है। यह अन्नदाता के साथ अन्याय है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समस्या हल नहीं की गई तो किसान मजदूर मोर्चा इसको किसान सेवा केंद्र व सहकारी समितियों का घेराव करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद की कालाबाजारी होती है। वसूली की जाती है, यह बंद होना चाहिए। प्रदेश सचिव महावीर गौतम ने कहा कि महिलाएं गांव में भैंस पालन, गाय पालन, बकरी पालन करती है। उन्हें भी महिला किसान सम्मान निधि दी जाए। वृद्धावस्था दिव्यांग व विधवा पेंशन प्रतिमाह पांच हजार दी जाए। किसान मजदूर आयोग के गठन की भी मांग की गई। बैठक के बाद किसान मजदूर मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल बिंदकी तहसील पहुंचा और राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी प्रियंका अग्रवाल को सौंपा। प्रदेश सचिव प्रियंका पाल के अलावा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद कुमार पटेल, राम प्रकाश मिश्रा, अनुराधा वर्मा, जयपाल सिंह यादव, नमृता देवी पटेल, संपतिया कुशवाहा, श्रीमती देवी, सीमा पाल, गंगाराम, सर्वेश कुमार, उमा देवी, सुनीता देवी, शांति देवी, गंगा देवी, छेदीलाल कुशवाहा, राजदुलारी, रामलाल पासवान, रामराज कोरी आदि मौजूद रहे।



# रसोइया पाक कला प्रतियोगिता में विजेता बनीं अनीता देवी

## - बेसिक शिक्षा विभाग ने आयोजित की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। यूआरसी नगर क्षेत्र के प्रांगण में बेसिक शिक्षा विभाग ने जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में जनपद के सभी ब्लॉकों से चयनित स्कूलों के 30 रसोइयों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया। निर्णायक समिति ने प्रतिभागियों को आन द स्पाट लाटरी के माध्यम से मेन्यू मिक्स वेज सब्जी एवं रोटी, सोयाबड़ी आलू की मौसमी सब्जी (रसेदार) एवं चावल, सब्जीयुक्त दाल (सांभर) एवं चावल, तहरी आवंटित किया। निर्णायक समिति भोजन का स्वाद, पौष्टिक तत्व, भोजन पकाने का तरीका, स्वच्छता, सुरक्षा हेतु प्रत्येक के लिए 10–10 अंक एवं सभ्य व्यवहार के लिए पांच अंकों को मिलाकर कुल 55 अंक निर्धारित किये गये थे। रसोइयों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का जनपद स्तरीय निर्णायक समिति जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला महिला चिकित्सक, जिला विद्यालय निरीक्षक, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कालेज, गृह विज्ञान प्रवक्ता राजकीय बालिका इंटर कालेज सहिली एवं होटल हाइड आउट के शेफ ने मूल्यांकन किया। मूल्यांकन उपरांत प्राथमिक विद्यालय पनी नगर क्षेत्र की अनीता देवी ने प्रथम, पीएमश्री पलिया बुजुर्ग विकास खण्ड हथगाम की रसोइया रागिनी देवी ने द्वितीय एवं क0वि0 बरौरा विकास खण्ड मलवां की रसोईया रामरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार के रूप में प्रथम विजेता को 3500, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2500, तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले को 1500 रुपए की पुरस्कार धनराशि के साथ अन्य 27 रसोइयों को 300 रूपए का सांत्वना पुरस्कार के साथ–साथ यात्रा व्यय 350 रूपए व प्रशस्ति पत्र वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) एवं खड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) ने प्रदान किया। मंच संचालन की भूमिका प्राथमिक षिक्षक संघ के असोथर ब्लाक अध्यक्ष अनुराग मिश्र ने निभाई। जनपद स्तरीय पाककला प्रतियोगिता में खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर जिलेदार सिंह, विभाग कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक एमडीएम हेमन्त त्रिपाठी, अरूण मिश्र मण्डलीय महामंत्री जूनियर शिक्ष संघ, अदीप सिंह जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, लल्तेश त्रिवेदी जिला महामंत्री जूनियर शिक्ष संघ, चन्द्रप्रकाश शुक्ल, शुभांगी पाण्डेय, मोनिका, गौरी उपस्थित रहीं।



# धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध नर्सिंग होम

## - आए दिन होती मरीजों की मौतें, तीमारदारों की जेबें हो रही खाली

## - जांच के नाम पर हो रही हेरा-फेरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। आम आदमी को अच्छी शिक्षा अच्छी चिकित्सा का मानवाधिकार है लेकिन विभागीय हीलाहवाली के चलते नगर पंचायत खागा, नगर पंचायत किशनपुर, नगर पंचायत हथगाम, नगर पंचायत खखरेरू नगर पंचायत धाता सहित विजईपुर, नरैनी अन्य छोटे–बड़े कस्बों व प्रमुख सड़कों पर यह अवैध मौत की दुकान बहुत ही आसानी से देखने को मिल जाती है। इन सबके बावजूद जिम्मेदार चिकित्साधिकारी देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं या फिर अपने–अपने कार्यालय में बैठकर इन अवैध संचालित नर्सिंग होम, अस्पतालों से धन वसूली करके जेब गर्म कर रहे हैं। वहीं मासूम ग्रामीण अपने मरीज को इन मौत की दुकानों में इलाज के नाम पर लुट रहे हैं या फिर मरीज को मौत के मुहाने तक पहुंचा रहे हैं। सरकार अच्छी शिक्षा–अच्छी चिकित्सा का दम भर रही हैं। आलम तो यह है कि अवैध नर्सिंग होम अस्पतालों में बिना किसी प्राथमिक सुविधाओं व बिना प्रशिक्षित डॉक्टरो के बावजूद भी बड़े–बड़े ऑपरेशन व अवैध लिंग की जांच खुलेआम किया जा रहा है और चिकित्सा विभाग लगातार इस प्रकार की खबरे व आंकड़ों को झुठलाने का उपक्रम कर रहा है। अभी हाल ही में नगर पंचायत खागा में एक मरीज की मौत होने के बाद जांच के नाम पर मोटी रकम वसूल ने का दवा पीड़ितों ने किया है। चिकित्सा विभाग के अधिकारी इलाके के एसीएमओ ने बताया कि लगभग आधा सैकड़ा रजिस्टर्ड अस्पताल हैं जबकि तहसील क्षेत्र में एक सैकड़ा से भी अधिक खुलेआम बेखौफ नर्सिंग होम अस्पतालों को संचालित किया जा रहा हैं। जानकर भी अनजान बनने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर शासन का डंडा कब चलेगा यह इंतजार हर पीड़ित कर रहा है। यही नहीं इन अवैध नर्सिंग होम अस्पतालों के आसपास अवैध पैथोलॉजी भी संचालित हो रही है जिनसे सांठ–गांठ करके फर्जी जांच के नाम पर भी अवैध वसूली किया जा रहा है। एक तरफ जहां चोर–चोर मौसेरे भाई बनकर अवैध नर्सिंग होम व पैथोलॉजी में जान–माल लूटा जा रहा है। हद तो तब हो गई कि एक पैथोलॉजी व अवैध नर्सिंग होम से बात करने का प्रयास किया गया तो बेखौफ नर्सिंग होम संचालक ने बड़े दावे से कहा की जितना दम हो लिख लो हम अधिकारियों व जिम्मेदारों को मोटी रकम देकर अस्पताल संचालित कर रहे हैं। डिप्टी सीएम इश्तियाक अहमद ने बताया कि जांच करके संचालित अस्पतालों पर कार्यवाही किया जाएगा। सख्त करवाई की जाएगी।

# राम वनगमन कथा सुन श्रोताओं की आंखें हुई नम

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के एक गेस्ट हाउस में शुक्रवार को आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के दौरान श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। राघव किशोरी सेवा ट्रस्ट अयोध्या से पधारीं सुप्रसिद्ध कथावाचिका वैदेही सुरभि ने श्रीराम कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने माता कैकेई द्वारा भरत को राज्यतिलक व प्रभु श्रीराम के वन गमन प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए श्रोताओं की आंखें नम कर दिया। कथावाचन के दौरान वैदेही सुरभि ने बताया कि माता कैकेई का निर्णय केवल व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं, बल्कि रामलीला के माध्यम से लोकमंगल की स्थापना का कारण बना। श्रीराम का वन गमन त्याग, मर्यादा और कर्तव्य का सर्वोच्च उदाहरण है, जो आज भी मानव जीवन को सही मार्ग दिखाता है। भरत के राज्यतिलक का प्रसंग बताते हुए उन्होंने कहा कि भरत का हृदय सदैव श्रीराम के प्रति समर्पित रहा और उन्होंने राज्य को कभी भी अपने सुख के लिए नहीं अपनाया। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। जय श्रीराम के नारों और भजनों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। भारी संख्या में श्रोता कथा सुनने के लिए उपस्थित रहे। आयोजक चेयरमैन गीता सिंह एवं प्रतिनिधि रामगोपाल सिंह द्वारा कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई थीं। प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर राकेश सिंह, गौरव सिंह, गया सिंह, रीता सिंह, राजू त्रिवेदी बालाजी, रेखा त्रिवेदी मौजूद रहे।



# विद्यालयों का समय परिवर्तित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में पढ़ रही अत्यधिक ठण्ड, शीतलहर व घने कोहरे के दृष्टिगत बेसिक शिक्षा के अधीन संचालित सभी बोर्डो के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त विद्यालय, सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य सभी बोर्डो के नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यालयों के संचालन का समय परिवर्तित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी विद्यालयों का समय प्रातः दस बजे से अपरान्ह तीन बजे तक किया जाता है। इसलिए सभी संबंधित प्रबंधक व प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। यह आदेश अग्रिम निर्देश तक के लिए प्रभावी रहेगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के चिल्ली अरधना मार्ग में गुरुवार को दोपहर बाद अनियंत्रित अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से घर के दरवाजे के पास खड़ी 70 वर्षीय वृद्धा की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतका के पुत्र रामकिशोर की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार चौडगरा घाटमपुर हाइवे से चिल्ली अरधना मार्ग पर घनश्यामपुर गांव में गुरुवार की दोपहर बाद 70 वर्षीय महिला रामरती पत्नी स्व० सूरजदीन अपने घर के समीप मार्ग के किनारे खड़ी थी। तभी अनियंत्रित तेज रतार चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे रामरती गंभीर रूप से घायल हो गई। जब तक परिवार के लोग इलाज हेतु ले जाने का प्रयास करते उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। मृतका के पुत्र रामकिशोर की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# मारपीट में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानुपर थाना क्षेत्र के ग्राम ममरेजपुर में एक सप्ताह पूर्व घायलावस्था में कानपुर में इलाज के दौरान गुरूवार की शाम मौत हो गयी। वहीं मृतक के परिजनों ने गांव के ही दो लोगो पर जमीनी विवाद में मारने पीटने का आरोप लगाया है। बतातें चलें कि ममरेजपुर गांव निवासी स्व0 बाबू लाल का पुत्र राममनोहर को 13 दिसम्बर को गांव के ही धर्मराज व उसका छोटा भाई शिवपूजन ने जमीनी विवाद को लेकर मारापीटा था। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया था। परिजन उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाये। जहां से उसे कानपुर ले जाया गया। इलाज के दौरार गुरूवार की शाम वृद्ध दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर गांव चले आये और पुलिस को इसकी जानकारी दे दिया। जिस पर मौके पर पहुंच पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन लोग घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा कस्बा निवासी इकरार हुसैन का 45 वर्षीय पुत्र हाशिम हुसैन किसी काम से थरियाव कस्बे गया था। वहां से वापस ई–रिक्शा पर सवार होकर लौट रहा था। जब रिक्शा थानां क्षेत्र के नेशनल हाईवे दो लकी ढाबा के समीप पहुंचा तभी तेज रतार अज्ञात वाहन रिक्शे को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे रिक्शे पर सवार हाशिम हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो तुरंत मौके पर पहुंचकर सरकारी 102 एंबुलेंस के ईएमटी सचिन व पायलट रूपेंद्र कुमार के साथ उसको जिला अस्पताल भिजवाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। इसी प्रकार कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर मोहल्ला निवासी रियाज अहमद का 19 वर्षीय पुत्र शारिम व मोहल्ला निवासी गुलाम मोहम्मद का 20 वर्षीय पुत्र शमीर दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए नऊवाबाग जा रहे थे जब उनकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड दिल्ली दरबार होटल के समीप पहुंची तभी तेज रतार चार पहिया वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना परिजनों को हुई तो तुरंत मोहल्लेवासी और परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायलों का इलाज कर रहे हैं। वहीं घायलों के साथ अस्पताल आए पड़ोसी जीशान अहमद ने घटना की जानकारी दिया। उधर सिठौरा गांव निवासी राम औतार का 46 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब वह गाँव से कुछ दूर आगे बढ़ा तभी तेज रतार अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे अशोक कुमार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए हथगांम सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। वहीं घायल के साथ अस्पताल पहुंचे उसके भाई संतोष कुमार ने बताया कि भाई बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए जा रहे थे, तभी अज्ञात चार पहिया वाहन उनके बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए है। वहीं नया पुरवा गांव निवासी गोपाल का 27 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब वह थाना क्षेत्र के 11 मील रहिमाल बाबा के समीप पहुंचा तभी तेज रतार अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया जिससे विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए हुसैनगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। वहीं घायल के साथ अस्पताल पहुंचे उसके चचेरे भाई संतोष कुमार ने बताया कि भाई बाइक पर सवार होकर किसी काम जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के कोरवां गांव निवासी स्वर्गीय अलादाद खां का 65 वर्षीय पुत्र शकील अहमद मस्जिद से नमाज पढ़ कर रोड़ के किनारे पैदल चलते हुए घर लौट रहे थे। तभी तेज रतार बाइक सवार जोरदार टक्कर मारते हुए निकल गया। बाइक की टक्कर से बृद्ध शकील अहमद रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और अपने प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर इलाज कर रहे हैं। वही घायल के साथ अस्पताल पहुंचे वृद्ध के भतीजे अब्दुल हमीद ने बताया चाचा मस्जिद से नमाज़ पढ़कर घर लौट रहे थे। तभी तेज रतार बाइक सवार इनको टक्कर मारते हुए निकल गया जिससे यह गम्भीर रूप से घायल हो गए है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )